मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 36
अंक : 182
भोपाल, बुधवार
03 सितंबर 2025
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com

13 साल बाद दिल्ली में होगी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस... 06



### डोल ग्यारस पर आज शाम को कालभैरव की नगर यात्रा

## चांदी की पालकी पर सवार होकर निकलेंगे कालभैरव

**उज्जैन।** उज्जैन में डोल ग्यारस के अवसर पर बुधवार शाम 4 बजे भैरवगढ़ स्थित कालभैरव मंदिर से भगवान की सवारी निकलेगी। चांदी की पालकी में सवार होकर भगवान कालभैरव निकलेंगे। परंपरा के अनुसार सबसे पहले भगवान कालभैरव की पूजन-आरती होगी, फिर उन्हें सिंधिया स्टेट की पगड़ी धारण कराई जाएगी। पालकी निकलने से पहले शाम को बाबा कालभैरव का पूजन होगा। कालभैरव की पालकी मंदिर प्रांगण से निकलते समय सशस्त्र पुलिस जवान सलामी देंगे। जेल के कैदियों को भी महाकाल के सेनापति के दर्शन करने का मौका मिलेगा। यात्रा में पुलिस बल, बैंड, ढोल, ध्वज और घोड़े-बग्घी के साथ भक्त शामिल होंगे। सवारी जेल चौराहा, प्रमुख बाजार, नाका चौराहा, माणक चौक, सिद्धवट मंदिर और बृजपुरा से होकर गुजरेगी। केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के सामने पहुंचने पर विशेष कार्यक्रम होगा। जेल प्रशासन पालकी में विराजित भगवान का पूजन-आरती करेगा। पुलिस बल गार्ड ऑफ ऑनर देगा। जेल के अंदर से कैदियों को भी भगवान के दर्शन कराए जाएंगे। इसके बाद सवारी शिप्रा तट स्थित सिद्धनाथ मंदिर जाएगी और अंत में कालभैरव मंदिर वापस लौटेगी।

### जीएसटी काउंसिल की बैठक शुरू

## आम जनता से जुड़ी कई सारी चीजों पर लगने वाले टैक्स होंगे कम

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की दो दिवसीय बैठक आज यानी 3 सितंबर 2025 से नई दिल्ली में शुरू हो रही है। 56वीं जीएसटी बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कर रही हैं। इस बैठक में चार सेक्टरों ऑटो, एफएमसीजी, सीमेंट, इंश्योरेंस पर फोकस होने की उम्मीद है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में टैक्स स्लैब रेट पर बड़ा लिया जा सकता है। उम्मीद की जा रही है कि वित्तमंत्री आम जनता से जुड़ी कई सारी चीजों पर लगने वाले टैक्स को कम करेंगी।

इंश्योरेंस सेक्टर में संभावित टैक्स कटौती दो दिवसीय जीएसटी बैठक के सबसे अपेक्षित पहलुओं में से एक है। मार्केट को उम्मीद है कि जीएसटी को मौजूदा 18 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया जाएगा।


**क्या-क्या होगा सस्ता-मंहगा?**

जीएसटी से 36 कैंसर रोधी दवाओं को पूरी तरह से छूट देने की योजना शामिल है। संगमरमर, ग्रेनाइट ब्लॉक, रिन्यूएबल एनर्जी इक्यूपमेंट पर 12 के बजाय 5 प्रतिशत जीएसटी लग सकता है। वाहनों के कलपुर्जे, मोटर-साइकिल, लेड-एसिड बैटरी पर 28 की जगह 18 प्रतिशत टैक्स लगाया जा सकता है। कपड़े और जूते भी सस्ते हो सकते हैं। होटल के कमरों पर जीएसटी 12 से घटाकर 5 प्रतिशत हो सकता है। तंबाकू और अन्य लग्जरी सामान जैसे 'सिन' उत्पादों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया जा सकता है।

### अंतर्मना उवाच

***पर्वों के पर्वराज का सातवां चरण - उत्तम तप***

***जिंदगी में कुछ करने का, हौसला बुलंद होना चाहिए.. फिर आप जिंदगी का जीना, कहीं से भी शुरू कर सकते हैं..!***



***हमने अभी चलना शुरु किया है, उड़ना अभी बाकी है.. अभी नापी है मुट्ठी भर जमीन हमने, आसमान नापना बाकी है..!***

*उत्तम तप का अर्थ है- मन की उछलकूद को रोकना* ***इच्छाओं को रोकना ही उत्तम तप है।*** *जो दिख रहा है वो संसार बहुत छोटा है, लेकिन जो मन में बसा है वो संसार अनंत है।*

***आज का आदमी अपने बच्चों को कम, इच्छाओं को ज्यादा पाल रहा है, इसलिए दिन भर दुखी परेशान होकर दिन गुजारता है।*** *जन्म एक बच्चे का होता है लेकिन उसके साथ हमारी अनेकानेक इच्छायें जन्म ले लेती है। इसलिए* ***अपनी औक़ात से ज्यादा इच्छा मत करना, क्योंकि इच्छा ही दुखदायी है।*** *आशा भटकाती है, आशा दौड़ाती है। यह संसारी प्राणी एक आशा पूरी करने के लिये भागम-भाग कर रहा है।* ***यदि मनुष्य दो पर कन्ट्रोल कर ले तो 90% दु:ख, परेशानी, बीमारियों से आज अभी बच सकता है -***

- *एक चक्षु इन्द्रिय,*
- *दूसरी रसना इन्द्रिय।*

***चक्षु इंद्रिय सभी पापों की जड़ है, तो दूसरी इंद्रिय समस्त बीमारियों की जड़।*** *भूख से कम भोजन करना भी तप है। इसलिए भूख से कम खाना चाहिए। बहुत भोजन करने वाले लोग प्रखर बुद्धि के नहीं होते, ऐसे लोग जड़ बुद्धि और अल्प आयु वाले होते हैं।* ***साधु-सन्यासियों और ज्ञानी जीवों को देखो- कम से कम भोजन करते हैं और लम्बे समय तक जीते हैं, वो भी बिना बीमारियों के।*** *इसलिए जो लोग भोजन को दवा समझ कर खाते हैं, वो दवाखाने जाने से बच जाते हैं, और जो भोजन को दबा-दबा के खाते हैं, वो दवाखाने जाते हैं।*

***जो तप-त्याग की भट्टी में तपते हैं, दुनिया के बाजार में वही सिक्के चलते हैं...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क इंटरैक्टिव सेशन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव

## दिल्ली में आज उद्योगपतियों के साथ करेंगे वन-टू-वन

# मीटिंग टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर होगा मंथन

### धार में विकसित हो रहा पीएम मित्रा पार्क, रोजगार सृजन और उद्योगों के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाओं पर होगी चर्चा

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क इंटरैक्टिव सेशन में शामिल होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह भी मौजूद रहेंगे। सेशन में देशभर के निवेशक, उद्योगपति और नीति-निर्माता एक साथ बैठकर टेक्सटाइल सेक्टर में संभावनाओं और निवेश के अवसरों पर विचार करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग करेंगे। इसमें वे निवेशकों को राज्य की अधोसंरचना, अनुकूल नीतियों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में बताएंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश की छवि एक टेक्सटाइल हब के रूप में प्रस्तुत करेंगे और निवेशकों को समझाएंगे कि किस प्रकार पीएम मित्रा पार्क प्रदेश की औद्योगिक तस्वीर बदलकर रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

इस मौके पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह भारत के बढ़ते टेक्सटाइल सेक्टर की वैश्विक भूमिका और पीएम मित्रा पार्क की प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा करेंगे। इसके अलावा वस्त्र मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी केंद्रीय योजनाओं और वैश्विक अवसरों पर विस्तृत जानकारी देंगे।



### मुख्यमंत्री यादव ने बाढ़ एवं अतिवृष्टि प्रभावित जिलों में राहत कार्यों की समीक्षा की

## प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद करने के निर्देश

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सुबह मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिलों में उर्वरक वितरण की स्थिति की जानकारी भी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित जिलों में राहत कार्य समयबद्ध तरीके से किए जाएं और प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद मिल सके। साथ ही, डॉ. यादव ने उर्वरक वितरण की प्रक्रिया को भी प्रभावी और पारदर्शी बनाए जाने का निर्देश दिया, ताकि किसानों तक उर्वरक समय पर पहुंच सके और उनकी कृषि गतिविधियों में बाधा न आए। अधिकारियों को आवश्यक संसाधन और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र राहत पहुंचाने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है।*

### विशेषज्ञ देंगे प्रेजेंटेशन

सेशन में मध्यप्रदेश उद्योग विभाग और टेक्सटाइल विभाग निवेशकों को क्लस्टर आधारित विकास, संसाधनों की उपलब्धता और विशेष पैकेज संबंधी जानकारी देंगे। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव और अतिरिक्त सचिव रोहित कंसल भी टेक्सटाइल उद्योग से जुड़ी नई संभावनाओं और केंद्र की नीतियों पर अपने विचार रखेंगे। वहीं, प्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह राज्य में लागू प्रोत्साहन योजनाओं और नीतिगत पहलों का विस्तृत विवरण देंगे।

### पीएम मित्रा पार्क बनेगा बड़ा औद्योगिक केंद्र

मध्यप्रदेश में प्रस्तावित पीएम मित्रा पार्क को आधुनिक टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस एकीकृत हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह न केवल कपड़ा उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन का प्रमुख केंद्र भी बनेगा। बदनावर धार में 2158 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 2000 करोड़ रूपए से अधिक की अनुमानित लागत से विकसित हो रहे टेक्सटाइल हब-पीएम मित्रा पार्क से पश्चिम मध्यप्रदेश में मेट्रोपॉलिटन एरिया विकास के स्वप्न को साकार करने में मदद मिलेगी।

### 11 सितंबर तक भूमि आवंटन

पार्क में भूमि आवंटन के लिए आवेदन 22 अगस्त से 11 सितम्बर 2025 तक खुले रहेंगे। मात्र 1 रूपये प्रति वर्ग मीटर-प्रीमियम तथा 120 रुपये प्रति वर्ग फ़ीट विकास शुल्क पर भूमि आवंटन किया जा रहा है, जो देश में समस्त पीएम मित्रा पार्कों में सबसे कम है। यह पार्क लगभग तीन लाख नौकरियों का सृजन करेगा, जिनमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

### आयकर विभाग की साइंस हाउस पर कार्रवाई जारी


## छापे में मिला विदेशी कनेक्शन, 20 लॉकर और एक करोड़ नकद

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल में साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड (एसएचएमपीएल) पर इनकम टैक्स विभाग के छापों में टैक्स चोरी के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में विदेशी लिंक के साथ बोगस बिलिंग और सप्लाई की बात पता चली है। टीम ने साइंस हाउस के संचालकों के ठिकानों से एक करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है। बैंकों के 20 लॉकर सील किए गए हैं। इनकम टैक्स विभाग के अफसर साइंस हाउस के संचालक जितेंद्र तिवारी और उनके परिजन के बैंक खातों की भी जांच कर रहे हैं। जिन खातों में बड़ी रकम जमा हुई है, उसका स्रोत खंगाला जा रहा है। नकद राशि और ज्वेलरी के वेरिफिकेशन के लिए बैंक अधिकारियों की टीम को भी बुलाया गया था। जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर सीबीडीटी को सौंपी जाएगी। आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार को भोपाल, इंदौर, मुंबई समेत कई शहरों में 30 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे। कार्रवाई आज बुधवार को भी जारी है।

विभाग की टीम मेडिकल सर्जिकल उपकरणों के कारोबारी राजेश गुप्ता के यहां भी सर्चिंग कर रही है। उनके भोपाल में लालघाटी स्थित मकान पर जांच के दौरान मिले दस्तावेजों से विदेशी लिंक का पता चला है। विदेश में उनकी संस्था और कारोबार की जानकारी मिलने के बाद इस मामले में ईडी की एंट्री भी तय मानी जा रही है। तिवारी, राजेश गुप्ता और अन्य के यहां से अर्जित अवैध आय से रियल एस्टेट में निवेश किया गया है।

### संचालक जितेंद्र तिवारी और उनके परिजन के बैंक खातों की भी जांच शुरू



### रिटायर्ड आईएएस से भी कनेक्शन

इन कारोबारियों के रिटायर्ड आईएएस अधिकारियों से लिंक भी सामने आए हैं, जिनके जरिए इन्हें नियम विरुद्ध सप्लाई ऑर्डर मिलते रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के भी कुछ अफसरों की भूमिका जांच के दायरे में आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग के पूर्व डीजी इन्वेस्टिगेशन ने इस छापे की प्लानिंग कर ली थी। लेकिन इसके पहले ही उनका तबादला हो गया। ऐसे में वर्तमान डीजी इन्वेस्टिगेशन बिजॉय कुमार पांडा ने इसी फाइल को सबसे पहले एक्शन में लेने का फैसला किया है।

## सोना ऑलटाइम हाई: 1,214 बढ़कर 1.06 लाख पर पहुंचा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सोने के दाम आज यानी 3 सितंबर को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 1,214 रुपए बढ़कर 1,05,638 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,04,424 रुपए पर था। वहीं चांदी 137 रुपए बढ़कर 1,22,970 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,22,833 रुपए थी। चांदी ने 1 अगस्त को 1,23,250 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 29,476 रुपए बढ़कर 1,05,638 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 36,816 रुपए बढ़कर 1,22,833 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,020 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,100 है।



### चांदी 1.23 लाख किलो बिक रही

### खंडवा में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

## सिमी के चार सदस्यों से पूछताछ, अकील खिलजी का बेटा गिरफ्तार

**खंडवा।** खंडवा में महाराष्ट्र से आये एटीएस के एक दल ने स्थानीय पुलिस की मदद से प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) से जुड़े परिवारों के सदस्यों को हिरासत में लिया है। एटीएस ने कुल चार मुस्लिम युवकों को पूछताछ के लिए दो अलग-अलग जगहों से पकड़ा था। ये सभी युवक कहारवाड़ी और गुलमोहर कालोनी क्षेत्र के निवासी हैं। रात भर चली पूछताछ के बाद इनमें से तीन युवकों को छोड़ दिया गया। एक युवक की आपराधिक संलिप्तता मिलने के चलते उसे महाराष्ट्र पुलिस अपने साथ ले गई है। बता दें कि यह युवक सिमी के स्थानीय मुखिया और भोपाल जेल ब्रेक कांड के दौरान मुठभेड़ में मारे गए अकील खिलजी का बेटा जलील खिलजी है। पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई का खुलासा मंगलवार देर शाम किया। जब चारों युवकों से पूछताछ कर ली गई थी और तीन युवकों को छोड़ दिया गया था।



### कोटा में रेल लाइन पर लैंडस्लाइड

## दिल्ली-मुंबई रेल रूट ठप बेपटरी हुई रेल सेवा

**कोटा।** कोटा जिले में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने हालात बिगाड़ दिए। मुकुंदरा टाइगर रिजर्व की दरा घाटी में तड़के लैंडस्लाइड हुआ, जिससे दिल्ली-मुंबई रेल रूट पर यातायात ठप हो गया। यात्री और मालगाड़ियां प्रभावित हुईं। घाटी से गुजरने वाला एनएच-52 भी जलभराव और जाम की चपेट में आ गया। ग्रामीणों के अनुसार, दरा घाटी में अबली मिणी महल के पास पहाड़ से बड़े-बड़े पत्थर रेलवे ट्रैक पर गिर गए। यह हादसा तड़के करीब 4 बजे हुआ। इसके बाद दिल्ली से मुंबई और मुंबई से दिल्ली जाने वाली दोनों लाइनों पर रेल यातायात ठप हो गया।

### हरदा में भारी बारिश से नदियां उफान पर

## पुल डूबा, 100 से ज्यादा गांवों का संपर्क टूटा



**हरदा।** जिले में पिछले 24 घंटों में हुई तेज बारिश से सभी नदियां उफान पर आ गई हैं। मटकुल नदी में उफान के कारण रहटा खुर्द के पास पुल पर 4-5 फीट पानी भर गया है। कनारदा, बालागांव और कुकरावद के पास भी नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। इससे करीब 100 से ज्यादा गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर कडोला गांव के पास मटकुल नदी ने रास्ता रोक दिया है। पुल पर पानी भरा होने के बावजूद बस चालक सवारियों से भरी बसें निकाल रहे हैं।

### उज्जैन में एसबीआई बैंक से 35 मिनट में 5 करोड़ की ज्वेलरी चोरी मामले में बड़ी सफलता

## 12 घंटे में खुलासा... 5 गिरफ्तार, चोरी किया गया माल भी बरामद

**उज्जैन। ■ अमृत दर्शन**

*पुलिस ने मंगलवार के दिन जिले में हुई 5 करोड़ की बैंक लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों के गिरफ्तार किया है। इस खुलासे के बाद नए जिहाद के बारे में पता चला है। इसमें से एक हिंदू युवक शामिल है। उसने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है। इसके बाद चार अन्य मुस्लिम युवकों के साथ बैंक में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी के खुलासे के साथ पुलिस अब पता लगा रही है कि कहीं इस हिंदू युवक का ब्रेनवाश तो नहीं किया गया। इसके बाद धर्म परिवर्तन कर सोची समझी रणनीति के तहत वारदात को अंजाम तो नहीं दिलाया गया।*

*दरअसल, उज्जैन पुलिस को बैंक चोरी की सनसनीखेज वारदात में बड़ी सफलता हाथ लगी। इसका खुलासा एसपी प्रदीप शर्मा ने मंगलवार की देर रात को किया। एसपी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे पुलिस को बैंक चोरी की जानकारी लगी। बताया गया कि महानंदा नगर स्थित एसबीआई की ब्रांच में चोरी की एक बड़ी वारदात हुई। सूचना मिलते ही खुद एसपी प्रदीप शर्मा ने मोर्चा संभाला।*

*रोज की तरह सुबह सफाईकर्मी और मैनेजर बैंक में पहुंचे। तब उन्हें चोरी की वारदात का पता चला। वहीं, बैंक चोरी की सूचना पर एसपी, साइबर टीम, क्राइम ब्रांच और एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चोरी के दौरान बैंक के के सभी ताले चाबियों से खोले गए थे। इससे पुलिस को शंका हुई और पूछताछ से सुराग मिल गया।*



### बैंककर्मी ही निकला मास्टरमाइंड

### नेपाल भागने की थी तैयारी

12 घंटे के भीतर चोरी की इस बड़ी वारदात का खुलासा करने वाली टीम को एडीजी ने 30 हजार रुपए का ईनाम देने की घोषणा की है। यह भी बताया जा रहा है कि आरोपियों ने नेपाल जाने की पूरी प्लानिंग कर ली थी। यदि समय रहते पुलिस ने इन्हें नहीं पकड़ती तो यह देश छोड़कर नेपाल चले जाते। इसके साथ ही पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि चोरी, डकैती जैसी वारदात को अंजाम देने के लिए कहीं जिहादियों द्वारा यह नया सॉफ्ट तरीका तो नहीं खोजा गया है।

### आज तय होगा एनडीए में सीट शेयरिंग का फार्मूला

## बिहार बीजेपी कोर कमेटी संग शाह करेंगे मंथन

**नई दिल्ली।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गहमागहमी जोरों पर है। इस बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहार भाजपा की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। जिसके लिए बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवल समेत सभी वरिष्ठ नेता दिल्ली पहुंच चुके हैं। कहा जा रहा है कि इस बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। साथ ही इसमें बिहार में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर भी मंथन होगा। संभव है कि इस बैठक के बाद भारतीय जनता पार्टी बिहार में सीट बंटवारे के फार्मूले का ऐलान कर दे।

## संक्षिप्त समाचार

### सिक्योरिटी गार्ड से बंदूक छीनने का प्रयास करने वाले पकड़ाए

**ग्वालियर।** स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड से बंदूक लूटने का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को मंगलवार रात महाराजपुरा पुलिस ने डीडी नगर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। मुखबिर ने पुलिस को बदमाशों के शहर में ही छिपे होने की सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस ने दबिश दी। ये बदमाश सिक्योरिटी गार्ड से बंदूक लूटकर बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले थे। मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपी गोरमी भिंड निवासी अन्नि उर्फ अनिल पुत्र प्रमोद गुर्जर (19), मीरा कॉलोनी भिंड निवासी रोहन राजोरिया उर्फ रौनक पंडित (21) पुत्र अनिल शर्मा और मीरा कॉलोनी भिंड निवासी (हाल निवास अमलतास कॉलोनी) आयुष उर्फ आशु (20) पुत्र राजेश शर्मा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में तीनों ने वारदात करना कुबूल कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ में और भी खुलासा होने की संभावना है।

### छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**ग्वालियर।** ग्वालियर के मुरार थाना पुलिस ने नाबालिग छात्रा को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले सोशल मीडिया फ्रेंड को गरम सड़क से गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले पुलिस ने छात्रा को गुजरात से बरामद किया था। इसके बाद आरोपी उसे धमकाने ग्वालियर आया, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मुरार थाना प्रभारी मैना पटेल ने बताया कि 14 अगस्त को थाना क्षेत्र की न्यू कॉलोनी घोसीपुरा से 16 वर्षीय छात्रा लापता हो गई थी। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चलने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि छात्रा सोशल मीडिया पर गुजरात के गोटाद निवासी आनंद उर्फ बच्चू डाबी पुत्र घनश्याम डाबी से बातचीत करती थी। पुलिस ने सुराग जुटाया तो पता चला कि छात्रा गुजरात में है। इसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची और तीन दिन की मशक्कत के बाद छात्रा को बरामद कर लिया। हालांकि आरोपी उस समय फरार हो गया।

### ट्रेन में यात्रियों की ज्वैलरी चोरी करने वाली महिलाएं पकड़ाई

**ग्वालियर।** ग्वालियर जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर महिला यात्रियों के हैंडबैग से जेवरात चोरी करने वाली दो शातिर महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 15 हजार रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मामले का खुलासा मंगलवार किया। 31 अगस्त को जीआरपी ने फूलबाग क्षेत्र स्थित स्वर्ण रेखा नदी किनारे की झुग्गियों में दबिश देकर 20 वर्षीय शिवानी और 18 वर्षीय विद्या पत्नी प्रकाश जाटव को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पूर्व में भिंड और झांसी के इलाकों में भी सक्रिय रही हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिलाएं ट्रेनों में महिला यात्रियों के पास बैठ जाती थीं। वे जानबूझकर अपना पैर यात्री महिला के पैर पर रख देती थीं। जैसे ही महिला यात्री अपना पैर हटाने या बिछिया ठीक करने के लिए झुकती, वे झोले या बैग से चुपचाप जेवर निकाल लेती थीं। पुलिस का कहना है कि यह गैंग ग्वालियर, झांसी और भिंड के रेलवे स्टेशनों पर लंबे समय से सक्रिय था।इस गैंग का खुलासा 17 अप्रैल को हुई एक चोरी की जांच के दौरान हुआ। दतिया निवासी ममता शर्मा का पर्स आगरा-झांसी मेमू ट्रेन में चोरी हो गया था, जिसमें 1.5 तोला का हार और 2.5 तोला की चार चूड़ियां थीं।

### इंदौर में कल से 15 दिन तेज बारिश के आसार

# बंगाल की खाड़ी में बन रहा सिस्टम, यही इंदौर आएगा, आज भी हुई बूंदाबांदी

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर में बुधवार को कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मौसम साफ भी है। मंगलवार को इंदौर में 0.04 मिमी बारिश दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से एक डिग्री कम था, वहीं न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1 डिग्री अधिक था।

मौसम विभाग के अनुसार कल से एक सिस्टम एक्टिवेट हो रहा है, जिससे 15 दिन अच्छी बारिश के आसार है। बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बन रहा है, जो आगे चलकर इंदौर में भी बारिश करेगा। 4 सितंबर से यह सिस्टम असर दिखाएगा।

**इस महीने पिछले साल से ज्यादा बारिश होगी:** सितंबर के शुरुआती 15 दिन पानीदार रहने वाले हैं। अब तक इस मानसूनी सीजन में 24.5 इंच बारिश हुई है। अभी भी औसत 37 इंच बारिश के आंकड़े को छूने के लिए 12.5 इंच पानी की और जरूरत है।



पिछला सितंबर सूखा रहा था। महज 6 इंच ही बारिश हुई थी लेकिन इस बार भी तीन-चार सिस्टम बन गए तो पिछले दो-तीन माह के सूखे दिनों की भरपाई हो जाएगी।

गौरतलब है कि मानसून सीजन में इस बार जून से लेकर अगस्त तक केवल तीन बार पूरे शहर में एक जैसी बारिश हुई है। इस दौरान 2.7, 2.5 और 3.2 इंच पानी एक साथ पूरे शहर में बरसा। बाकी समय मौसम विभाग के जारी अलर्ट के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश हुई।

**इंदौर में बारिश का ट्रेंड बदला:** शहर में इस साल बारिश का ट्रेंड बदल गया है। कृषि कॉलेज स्थित वैधशाला ने पूर्वी क्षेत्र में अब तक 29 इंच बारिश दर्ज की है तो रीगल तिराहा पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के यंत्र ने मध्य क्षेत्र में 27.8 इंच बारिश बताई हैं।

वहीं, एयरपोर्ट स्थित मौसम विभाग के बारिश मापने वाले यंत्र ने पश्चिम क्षेत्र में 24.7 इंच बारिश रिकॉर्ड की है। इंदौर में कृषि कॉलेज तक तेज पानी बरसेगा तो ठीक उसी समय राजबाड़ा क्षेत्र में रिमझिम या फिर बारिश नहीं होगी।

**यशवंत सागर भराया, लेकिन बिलावली अब भी खाली:** 27 अगस्त तक की स्थिति में यशवंत सागर में 15 फीट ही पानी जमा था। महू, पीथमपुर क्षेत्र में तेज बारिश होने से यह 19 फीट भरा गया है। ओवरफ्लो होने पर सायफन खोलने पड़े थे। अच्छी बात यह है कि सितंबर में बारिश होती रहेगी, जिससे इसका वाटर लेवल बना रहेगा। वहीं, बड़ा बिलावली व छोटा बिलावली अब भी खाली हैं। उम्मीद है कि ये जल्द भर जाएंगे।

#### पूर्वी क्षेत्र में कई बार मूसलाधार बारिश

पूर्वी रिंग रोड, बंगाली चौराहा, मूसाखेड़ी, निपानिया तरफ सीजन में 5-7 बार ऐसा हुआ है, जब 1-2 घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। सड़कों पर लबालब पानी भर गया। इस वजह से यहां अब तक 29 इंच पानी गिर चुका है। इस क्षेत्र में सक्रिय हुए बादलों का असर रिंग रोड से आगे चलकर रीगल, मिल क्षेत्र, पलासिया, गीता भवन, शिवाजी वाटिका, रेसीडेंसी क्षेत्र तक भी हुआ है। रीगल व मध्य क्षेत्र में इस कारण 27.8 इंच बारिश दर्ज हुई है। वहीं, पिछले 10-12 सालों से पश्चिमी इंदौर में पूर्व के मुकाबले कम ही पानी गिर रहा है।

### कपड़े उतारकर किन्नर ने मचाया उत्पात

## दो घंटे सड़क पर लगाई दौड़, मनाते रहे लोग पर नहीं पहने कपड़े

**टीकमगढ़ ■ निसं**

करीब दो घंटे तक लोग और पुलिस उसके पीछे-पीछे भागते रहे। बाद में पुलिस ने उसे पकड़कर गाड़ी में बैठाकर कोतवाली ले जाया, जहां वह एक घंटे तक नग्न अवस्था में नाचता रहा। पुलिस ने बताया कि छेड़छाड़ करने वालों की तलाश की जा रही है और शीघ्र कार्रवाई होगी।

टीकमगढ़ शहर का सबसे व्यस्ततम इलाका गांधी चौराहे और घंटाघर पर बीती रात करीब 10:00 बजे एक किन्नर नग्न होकर सड़कों पर दौड़ लगाता रहा। किन्नर का आरोप था कि कई लोग शराब के नशे में आए और उसके साथ गलत काम करना चाह रहे थे। मना किया तो मारपीट की। इससे परेशान होकर किन्नर गांधी चौराहे से लेकर घंटाघर तक वह दौड़ता रहा। लोग



उसके पीछे-पीछे भागते रहे। करीब 2 घंटे तक यही तमाशा चलता रहा।

सड़क पर निकलने वाले राजेश का कहना है कि रात के करीब 10:00 बजे के आसपास किन्नर नग्न अवस्था में सड़कों पर दौड़ रहा था और लगातार कह रहा था कि उसके साथ कुछ लोग गलत काम करना चाह रहे थे। उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस कोतवाली टीकमगढ़ को मिली तो टीकमगढ़ पुलिस कोतवाली के जवान भी मौके पर पहुंचे और किन्नर को पकड़ने की कोशिश करते रहे। किन्नर किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था।

#### गाड़ी में बैठाकर ले गई पुलिस

काफी प्रयास के बाद पुलिस को सफलता मिली, लेकिन किन्नर ने कपड़े नहीं पहने वह नग्न अवस्था में ही पुलिस की गाड़ी में बैठकर के कोतवाली चला गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली में भी वह करीब एक घंटे तक नग्न होकर नाचता रहा। पुलिस ने बताया कि किसी शराबी व्यक्ति द्वारा उसके साथ गलत हरकत कर दी गई थी, जिस कारण से किन्नर गुस्से में था। उन्होंने बताया कि यह किन्नर मूलतः सागर का रहने वाला है, जो कुछ समय से टीकमगढ़ जिले में रह रहा है।

### सीहोर में 9 सितंबर को लगेगा रोजगार मेला

**सीहोर।** सीहोर के डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 9 सितंबर को सुबह 11 बजे रोजगार मेला आयोजित होगा। रोजगार विभाग ने स्थानीय, प्रदेश और अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित किया है। मेले में अलग-अलग कंपनियां करीब 700 पदों पर भर्तियां करेंगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र स्वरोजगार योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करेगा। साथ ही नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। शासकीय आईटीआई अप्रेंटिसशिप के लिए युवाओं का चयन करेगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने मूल दस्तावेजों के साथ मेले में भाग ले सकते हैं। यह मेला युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## पशु प्रेमी दंपती से थानेदार ने की बदसलूकी, धक्के मारकर निकला बाहर




**सतना ■ निसं**

शहर में इंसानियत और कानून की संवेदनहीनता का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कंपनीबाग इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति ने डंडे से पीटकर एक स्ट्रीट डॉग को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज मिलने पर समाजसेवी संस्था की देवांगी बोरा और उनके पति अतुल बोरा ने घायल डॉग का इलाज कराया और आरोपी के खिलाफ शिकायत लेकर सिटी कोतवाली पहुंचे, लेकिन यहां रखक ही भक्षक की तरह पेश आए और शिकायतकर्ताओं को धक्के देकर बाहर निकल दिया।

आरोप है कि सिटी कोतवाली टीआई राघवेंद्र द्विवेदी ने शिकायत दर्ज करने की बजाय दंपती के साथ बदसलूकी की। जब शिकायतकर्ताओं ने शिकायत की रिसीविंग मांगी तो टीआई भड़क गए और दंपती को चेंबर से धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। इस घटना का कुछ हिस्सा शिकायतकर्ताओं के मोबाइल कैमरे में भी कैद हो गया है, जोकि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

#### उच्च अधिकारियों से हुई शिकायत

घटना से आक्रोशित दंपत ने टीआई के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि अगर पुलिस इंसानों से ही जानवर जैसा व्यवहार कर सकती है तो बेजुबान जानवरों पर हो रहे जुल्म की शिकायत पर कैसे कार्रवाई करेगी, यह बड़ा सवाल है।

### इंदौर में दो लोगों ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

## पेंटर ने पारिवारिक विवाद में दी जान, छह माह से अलग रह रही थी पत्नी

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर में पारिवारिक विवाद और बेरोजगारी के कारण दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। दोनों ही मामलों में पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में ले लिए हैं।

पहला मामला तुकोगंज थाना क्षेत्र का है। 40 वर्षीय नरेश पुत्र लालचंद शाक्यवार ने मंगलवार रात अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। वह पेंटर था। मां ने उसे फंदे पर लटका देखा और आसपास के लोगों-रिश्तेदारों को सूचना दी। परिजन उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे थे। आत्म हत्या की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही है।

नरेश की पत्नी करीब छह माह पहले मायके परदेशीपुरा चली गई थी और वापस नहीं आ रही थी। काम को लेकर नरेश से उनकी कहासुनी होती थी। परिवार ने बताया कि नरेश की शादी को करीब 12 साल हो गए हैं। उसका 10 साल का बेटा है, जो पत्नी के साथ ही रहता है।

**सोने का कहकर गया और फांसी लगा ली**



उधर, परदेशीपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत फिरोजगांधी नगर निवासी 26 वर्षीय साहिल पुत्र शंकरलाल सोनी ने मंगलवार रात करीब 1 बजे अपने घर में फांसी लगा ली। वह सोने का कहकर कमरे में गया था। देर रात मां ने उसका शव फंदे पर लटके देखा। साहिल के पिता नहीं हैं। मां और भाई प्राइवेट नौकरी करते हैं। साहिल बेरोजगार था। पुलिस के मुताबिक जॉब नहीं होने के चलते साहिल ने इस तरह का कदम उठाया है। मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### ग्वालियर में व्यापारी से 5 लाख की लूट

## बैग नहीं छोड़ा तो बदमाश दूर तक घसीटते ले गए, व्यापारी हुआ घायल

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर में मंगलवार रात बालाजी नमकीन के एक डीलर से बाइक सवार बदमाश कैश से भरा बैग लूट ले गए। बदमाशों ने व्यापारी पर उस समय झपट्टा मारा, जब वह कलेक्शन कर वापस लौट रहे थे। व्यापारी ने बैग नहीं छोड़ा तो बदमाश उसे सड़क पर 10 फीट तक घसीटते हुए ले गए, जिससे वह घायल हो गया। व्यापारी का कहना है कि बैग में पांच लाख रुपए थे, जबकि पुलिस ने 3.81 लाख रुपए होने की बात कही है।

घटना के बाद बाइक सवार बदमाशों को कुछ राहगीरों ने रोकने का प्रयास किया, जिस पर वह गोलियां चलाकर दहशत फैलाते हुए फरार हो गए। घटना महाराजपुरा थाना स्थित पटरी रोड की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नाकाबंदी कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

**बैग बचाने की कोशिश में 10 फीट तक घिसटते रहे व्यापारी:** शहर के भगत सिंह नगर निवासी 60 वर्षीय राममोहन सेठ व्यापारी हैं और इस समय बालाजी नमकीन के डीलर हैं। शताब्दीपुरम के टाइगर चौक पर उनका बालाजी नमकीन का गोदाम है। मंगलवार रात वे गोदाम



से कलेक्शन के पांच लाख रुपए एक बैग में रखकर कर्मचारी रमन रावत के साथ निकले थे।

जब वे पटरी रोड स्थित सद्गुरु किराना स्टोर के सामने पहुंचे, तभी ब्रेकर आने पर कर्मचारी ने बाइक धीमी की। इसी दौरान दो बाइक पर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग छीनने की कोशिश की। व्यापारी ने बैग बचाने के लिए पकड़ मजबूत की तो वे बाइक से गिर गए और 10 फीट तक घिसटते चले गए, जिससे वे घायल हो गए। इसी बीच उनकी पकड़ ढीली पड़ते ही बदमाश बैग छीनकर फरार हो गए। जब बदमाश भाग रहे थे तो कुछ अन्य बाइक सवार और राहगीरों ने उनको रोकने का प्रयास किया। जिस पर बदमाश कट्टे से गोलियां चलाते हुए भाग निकले।

## पमरे पर यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकता : महाप्रबंधक



**जबलपुर ■ निसं**

रेल सुरक्षा बल, रेल संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारियों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने हेतु चौबीस घंटे सतत् कार्य करते हुये सुरक्षित माल परिवहन के साथ-साथ रेल यात्रियो की सुरक्षा एवं सहायता भी कर रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल भी चौबीस घण्टे यात्रियों की सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे में रेल सुरक्षा बल के द्वारा अलग-अलग अभियान चलाकर यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 01 जनवरी 2025 से 31 जुलाई 2025 तक रेल सुरक्षा बल द्वार चलाये गये ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, ऑपरेशन अमानत, ऑपरेशन मिशन जीवन रक्षा एवं ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत किये गए सराहनीय कार्य इस प्रकार हैं -

**ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते:** ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेल के द्वारा बिछड़े हुए, घर से भागे एवं अपहरण का शिकार हुये बच्चों को उनके परिजनों एवं गैर सरकारी संगठन जैसे चाइल्ड लाइफ लाइन इत्यादि अभियान के तहत 463 बालक एवं बालिकाओं को उनके परिवारों से मिला कर एक बड़े समाजिक दायित्व का निर्वहन किया।

**ऑपरेशन अमानत:** ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा 604 यात्रियों को उनके छूटे एवं मिसिंग सामान (जैसे-मोबाइल, लैपटॉप, पर्स, ज्वैलरी इत्यादि) अनुमानित कीमत 1 करोड़ 19 लाख 63 हज़ार 261 रूपये को सुरक्षित सुपुर्द किया।

**ऑपरेशन मिशन जीवन रक्षा:** ऑपरेशन मिशन जीवन रक्षा के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे के द्वारा 17 यात्रियों एवं व्यक्तियों की जान को बचाया गया।

### खाद के लिए लाइन में लगे किसानों पर लाठीचार्ज

## रीवा में 48 घंटे से लाइन में खड़े थे, कालाबाजारी पर भड़के तो पुलिस ने खदेड़ा

**रीवा ■ निसं**

रीवा जिले में खाद की किल्लत से परेशान किसानों का गुस्सा मंगलवार देर रात फूट पड़ा। करहिया मंडी में जब किसान खाद की अपनी मांग पर अड़े रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी, तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। किसानों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और भीड़ को तितर-बितर किया। लाठीचार्ज में कई किसान घायल हो गए।

पुलिस का कहना है कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया।



जानकारी के अनुसार, रीवा समेत आसपास के क्षेत्रों में किसान खाद के लिए 24 से 48 घंटे तक लाइन में खड़े रहे। करहिया मंडी में सैकड़ों किसान रातभर लाइन में जमे रहे। लेकिन मंगलवार शाम को काउंटर बंद कर दिया गया। नाराज किसानों ने विरोध जताया तो हालात बिगड़ गए।

**गुढ़ समेत कई जगह से ऐसी तस्वीरें सामने आईं:** मंगलवार को गुढ़, त्योंथर, जवा, मनगवां और सेमरिया से भी ऐसी ही तस्वीरें सामने आईं। गुढ़ में करीब एक किलोमीटर लंबी कतारें लगीं। किसान धूप-गर्मी की परवाह किए बिना खड़े रहे। उनका कहना है कि कई दिनों से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन खाद नहीं मिलने से फसलें सूखने लगी हैं।

**किसान बोले- कालाबाजारी हो रही:** किसान हरीश प्रजापति ने आरोप लगाया कि कई जगहों पर खाद की कालाबाजारी हो रही है। खाद या तो ज्यादा दाम पर बेची जा रही है या फिर खास किसानों को ही दी जा रही है। सामान्य किसान खाली हाथ लौट रहे हैं। किसान नेता शिव सिंह ने कहा कि 48 घंटे लाइन लगाने के बाद भी खाद नहीं मिल रही, जिससे बुआई प्रभावित हो रही है।

**किसानों ने कहा- खाद के बदले मिली लाठी: विनीत शुक्ला**-इंतजार करते-करते सुबह से शाम हो रही है। कोई भरोसा नहीं है कि खाद मिलेगी या नहीं। कितनी बड़ी विडम्बना है कि अन्नदाता आज सूख रहे खेतों को छोड़कर एक-एक बोरी खाद पाने के लिए चार-चार दिन लाइन में लगने को मजबूर है।

**पुरुषोतम सिंह**- मैं रहट का रहने वाला हूं। सोमवार सुबह 10 बजे से लाइन में लगा हुआ हूं। लगातार कल तक लाइन में लगे रहना पड़ेगा। अभी कोई गारंटी नहीं है कि खाद कब तक मिल पाएगी।

**प्रदीप मिश्रा**-होना तो यह चाहिए कि किसानों को खाद समय पर उपलब्ध कराई जाए, लेकिन यहां तो लाठीचार्ज किया जा रहा है।

**कांग्रेस और वकीलों ने उठाई आवाज:** अधिवक्ता बीके माला ने बताया कि कई समितियों में खाद खत्म हो गई है। जहां उपलब्ध है, वहां किसानों को 10-12 घंटे खड़े रहने के बाद भी निराश लौटना पड़ रहा है।



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के नवीन कन्या छात्रावास भवन, एग्रीकल्चर भवन तथा आईटी पार्क का भूमि पूजन किया। इस मौके पर राज्यमंत्री कृष्णा गौर, शिक्षामंत्री इंदर सिंह परमार सहित विवि के प्राध्यापक मौजूद रहे।

### मंत्री सारंग ने की राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की गतिविधियों की समीक्षा

## सीपीपीपी मॉडल से उपभोक्ता संघ को मिलेगी नई ऊर्जा : मंत्री सारंग

भोपाल ■ अमृत दर्शन

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि उपभोक्ता संघ को आर्थिक रूप से सशक्त और प्रासंगिक बनाने के लिये अभिनव कदम उठाने होंगे। संघ को पुनर्जीवित करने के लिये सीपीपीपी (को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल को अपनाया जाए, जिससे संघ की व्यावसायिक गतिविधियों में आधुनिकता और प्रतिस्पर्धात्मकता आ सकेगी।



मंत्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ता संघ को ग्लोबल मार्केट से जोड़ने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके अंतर्गत बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ कार्य करने की संभावनाओं को तलाशा जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संघ द्वारा संचालित उपभोक्ता केंद्रों को बहुउद्देशीय बनाया जाए, क्योंकि ये केंद्र शहरों की प्रमुख लोकेशन्स पर स्थित हैं और बड़े ब्रांड्स को जोड़ने के लिये आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं।

बैठक में मंत्री सारंग ने उपभोक्ता संघ की वर्तमान आर्थिक स्थिति, व्यवसाय, मानव संसाधन, और व्यवसाय वृद्धि की संभावनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि उपभोक्ता संघ को 'सहकारिताओं से सहकार' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रदेश की अन्य सहकारी संस्थाओं के साथ व्यवसायिक गतिविधियों को जोड़ने की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए।

खाद्यान्न उपार्जन से संबंधित आवश्यक सामग्रियों के प्रदाय के लिए उपभोक्ता संघ को नोडल एजेंसी नियुक्त करने के विषय पर भी चर्चा हुई। सुझाव दिया गया कि पैक्स और विपणन समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान उपार्जन में उपयोग होने वाली सामग्रियां विभिन्न जिलों में उनकी मांग के अनुसार उपभोक्ता संघ उपलब्ध कराए।

**संक्षिप्त समाचार**

## दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं में सीएमएचओ ने देखी सेवाओं की स्थिति



भोपाल। बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम और पोषण के लिए चलाए जा रहे दस्तक अभियान की सेवाओं का जायजा मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा द्वारा लिया गया। इस दौरान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अशोका गार्डन एवं मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक एकतापुरी में जिंक ओआरएस कॉर्नर सहित विभिन्न सेवाओं का निरीक्षण किया गया। अशोका गार्डन में जिंक एवं ओआरएस वितरण एवं फॉलोअप रिकॉर्ड ठीक तरीके से संधारित नहीं करने पर स्टाफ को फटकार लगाई गई। 6 सितंबर तक संचालित दस्तक अभियान में 5 साल तक के बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अभियान में सघन दस्त नियंत्रण कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। जिसमें ओआरएस का पैकेट और जिंक की गोलियां निःशुल्क दी जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान संस्था में एएनसी पंजीयन एवं आयरन सुक्रोज की संख्या बढ़ाने, गर्भवती महिलाओं की जानकारी पोर्टल पर प्रविष्टि एवं समय पर अपडेट करने, निश्चय आईडी बनाने के निर्देश दिए गए। जिंक ओआरएस कॉर्नर के माध्यम से परिजनों को दस्त रोग के लक्षणों की जानकारी, ओआरएस बनाने की विधि, जिंक के उपयोग एवं फायदों के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। डॉ.शर्मा ने कहा कि अभियान में चिह्नांकित बच्चों के स्वास्थ्य का नियमित फॉलोअप किया जाए एवं आवश्यक होने पर उन्हें उच्च संस्था में शीघ्र रेफर किया जाए।

### प्रदेश सरकार तीन साल का रोलिंग बजट तैयार करेगी

# विकसित मध्य प्रदेश का मजबूत आधार बनेगा- जगदीश देवड़ा

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश सरकार बजट बनाने की नई प्रणाली लागू करने जा रही है। अब प्रदेश में पहली बार तीन साल का त्रिवर्षीय रोलिंग बजट और शून्य आधारित बजटिंग तैयार की जाएगी। इसका उद्देश्य योजनाओं को लंबे समय तक प्रभावी बनाना, रोजगार बढ़ाना, बुनियादी ढांचा विकसित करना और 2047 तक विकसित मध्यप्रदेश का लक्ष्य हासिल करना है।

मध्य प्रदेश सरकार अब बजट बनाने की नई प्रणाली अपनाने जा रही है। प्रदेश में पहली बार तीन साल का त्रिवर्षीय रोलिंग बजट तैयार किया जाएगा। इसका लक्ष्य है कि विकास योजनाएं लंबे समय तक प्रभावी रहें और 2047 तक विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। इसके साथ ही प्रदेश शून्य आधारित बजटिंग और त्रिवर्षीय रोलिंग बजट वाला पहला राज्य बनेगा। प्रदेश सरकार का फोकस केवल आर्थिक वृद्धि पर ही नहीं, बल्कि रोजगार सृजन, आधारभूत संरचना निर्माण और सामाजिक न्याय पर भी है। इसी दिशा में सरकार ने मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए बजट को अगले पांच वर्ष में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। सरकार का कहना है कि इस प्रणाली से योजनाएं केवल कागजों में नहीं रहेंगी, बल्कि जमीनी स्तर पर उनका असर दिखेगा। इससे वित्तीय अनुशासन, जवाबदेही और विकास कार्यों में तेजी आएगी।



**विभागवार चर्चा 15 सितंबर से**

नए बजट की तैयारी 15 सितंबर से विभागीय बैठकों के जरिए शुरू होगी। इन बैठकों में नई योजनाओं के प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद 31 अक्टूबर तक विभाग अपने प्रस्ताव भेजेंगे और 15 नवंबर तक उनकी

उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि यह पहल विकसित मध्य प्रदेश 2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में ठोस आधार बनेगी और देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक आदर्श साबित होगी। देवड़ा ने कहा कि शून्य आधारित बजटिंग और त्रिवर्षीय रोलिंग बजट से न केवल प्रदेश की योजनाओं का ठोस मूल्यांकन होगा, बल्कि प्रत्येक खर्च का सीधा संबंध समाज की आवश्यकताओं और राज्य की प्राथमिकताओं से जोड़ा जा सकेगा।

**वेतन वृद्धि और आरक्षित वर्गों का बजट**

सरकार ने तय किया है कि जिन विभागों को केंद्र सरकार से फंड मिलता है, उनकी निगरानी भी की जाएगी। इसके अलावा ऑफ-बजट खर्च, ऋण, प्रोत्साहन योजनाएं और नई योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाया जाएगा। कर्मचारियों के वेतन में चार प्रतिशत सालाना वृद्धि का प्रावधान रहेगा। साथ ही अनुसूचित जाति के लिए 16 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति के लिए 23 प्रतिशत बजट सुनिश्चित किया जाएगा।

यह कदम मध्यप्रदेश को विकसित भारत और विकसित मध्य प्रदेश 2047 की दिशा में सबसे मजबूत आधार प्रदान करेगा।

**तीन वर्षों की रूपरेखा:** रोलिंग बजट में वर्ष 2026-27, 2027-28 और 2028-29 को शामिल किया जाएगा। हर योजना की स्वीकृति से पहले उसका मूल्यांकन होगा। यह देखा जाएगा कि योजना पर कितना खर्च आएगा, उसका आर्थिक असर क्या होगा और वह जनता तक कितनी प्रभावी ढंग से पहुंचेगी।

### खाद्य मंत्री राजपूत की अध्यक्षता में संचालक मण्डल की बैठक में हुआ निर्णय

## नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को भी मिलेगा चतुर्थ समयमान वेतनमान



भोपाल ■ अमृत दर्शन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में नागरिक आपूर्ति निगम और भण्डार गृह निगम के संचालक मण्डल की बैठक में कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। अब नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को भी चतुर्थ समयमान वेतनमान मिलेगा। साथ ही गृह भाड़ा भत्ते भी राज्य शासन द्वारा घोषित दरों के अनुसार दिये जायेंगे। खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कर्मचारियों को भी विभाग के हित में बेहतर से बेहतर कार्य कर अपनी उपयोगिता सिद्ध करनी होगी।

**अनुग्रह राशि हुई दोगुनी से भी अधिक:** बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि कॉर्पोरेशन के कर्मियों की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर परिवार को अनुग्रह राशि दोगुनी से भी अधिक दी जायेगी। वर्तमान में 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती है। अब अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपये तक अनुग्रह राशि दी जायेगी। निगम में सेवा पदोन्नति नियम-2025 का भी प्रावधान किया जायेगा।

**ऐप के माध्यम से होगी भण्डार गृहों की मॉनीटरिंग**

भण्डार गृह निगम की संचालक मण्डल की बैठक में निर्णय लिया गया कि भण्डार गृहों की मॉनीटरिंग के लिये ऐप बनाया जायेगा। इस ऐप के माध्यम से भण्डारित अनाज की मात्रा, उसकी क्वालिटी आदि का सत्यापन किया जा सकेगा। अधिकारी भण्डार गृह का निरीक्षण करने का फोटो ऐप में अपलोड करेंगे। जियो टेगिंग भी रहेगी।



भोपाल। आज दुर्गा चौक बरखेड़ी में महापौर मालती राय ने डोल ग्यारस के पावन अवसर पर पूजा अर्चना की। इस दौरान यादव समाज मुख्य रुप से उपस्थित रहा। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद दिनेश यादव, मंडल अध्यक्ष हेमंत जोगी, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती साधना यादव, भाजपा नेता वीरेंद्र यादव, मनोज यादव, विशाल यादव एवं समाज के बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### भोपाल में खून से सना मिला युवती का शव

## धारदार हथियार से गला काटे जाने की आशंका, अक्टूबर में शादी होने वाली थी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी भोपाल के टीटी नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक और सनसनीखेज वारदात सामने आई। 19 वर्षीय युवती रोशनी का शव उसके ही घर में खून से सना पड़ा मिला। युवती का गला धारदार हथियार से कटा हुआ था। इस घटना की सूचना सुबह करीब 7:30 बजे परिजनों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

टीटी नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गौरव सिंह ने बताया कि मौके से कोई धारदार हथियार बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि घर में कोई बाहरी व्यक्ति घुसा था या नहीं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई है। परिजनों ने बताया कि रोशनी की जून माह में कोहेफिजा इलाके के रहने वाले एक युवक से सगाई हुई थी। अक्टूबर में उसकी शादी तय थी और घर में तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। घटना से महज एक दिन पहले ही उसने अपने रिश्तेदारों को शादी के लिए खरीदे कपड़े दिखाए थे।

खुशियों के इस माहौल के बीच हुई यह वारदात परिवार और रिश्तेदारों के लिए किसी बड़े सदमे से कम नहीं है। बता दें कि रोशनी के पिता फैरी लगाकर कपड़े बेचते हैं। परिवार के मुताबिक, बेटी की शादी को लेकर घर में उत्साह था। ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई है। पुलिस ने शव को हमीदिया अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है और हर संभावना को खंगाल रही है।

## निगम अमले ने की सम्पत्ति विरूपण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही

**4 हजार 100 रुपये का जुर्माना वसूला**



भोपाल ■ अमृत दर्शन

नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों, डिवाईडर, सेंट्रल वर्ज, बिजली के पोल आदि पर बिना अनुमति के प्रचार-प्रसार सामग्री लगाकर सम्पत्ति विरूपण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में निगम के जोन क्र. 14 के अमले ने जोन अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 41 प्रकरणों में 04 हजार 100 रुपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की और अवैध रूप से लगाई गई प्रचार-प्रसार सामग्री को हटाया।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के जोन क्र. 14 के अमले ने मंगलवार को वार्ड क्र. 56, 57, 60 एवं 61 के विभिन्न क्षेत्रों में सम्पत्ति विरूपण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 80 फिट रोड, एम्स अस्पताल रोड, अवधपुरी थाना, एम.वी.एम. रोड आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से लगे 25 विज्ञापन बोर्ड हटाए और 41 प्रकरणों में 04 हजार 100 रुपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की।

### भोपाल पुलिस ने की बलवा रिहर्सल परेड, भांजी लाठियां, कई घायल

## भीड़ नियंत्रण को लेकर लाठीचार्ज से फायरिंग तक की हुई प्रैक्टिस

भोपाल ■ अमृत दर्शन

आगामी त्यौहारों अनंत चतुर्दशी, डोल ग्यारस और मिलादुन्नबी के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भोपाल पुलिस ने मंगलवार सुबह पुलिस लाइन नेहरू नगर में बलवा मॉक ड्रिल परेड का आयोजन किया। इस मौके पर पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर के नेतृत्व में करीब 500 पुलिस जवानों ने हिस्सा लिया।

ड्रिल के दौरान मुआवजे की मांग को लेकर धरना दे रहे किसानों का दृश्य तैयार किया गया। प्रदर्शनकारियों को पहले पुलिस अधिकारियों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ अचानक उग्र होकर पथराव करने लगी। ऐसे में पुलिस ने चेतावनी दी, आंसू गैस के गोले दागे और हालात काबू में न आने पर लाठीचार्ज किया गया। स्थिति ज्यादा बिगड़ने पर मजिस्ट्रेट के आदेश पर फायरिंग की गई, जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए। सभी घायलों को मौके पर मौजूद एम्बुलेंस और मेडिकल टीम ने उपचार के लिए अस्पताल भेजा।



पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की मॉक ड्रिल से पुलिस बल विपरीत परिस्थितियों से निपटने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम होता है। त्योहारों के समय ऐसी तैयारियां बेहद जरूरी हैं ताकि आम जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनी रहे।

**अलग-अलग टीम बनाकर सौंपी जिम्मेदारी**

मॉकड्रिल में पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाई गईं टियर गैस पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, मेडिकल पार्टी और वाटर कैनन पार्टी को जिम्मेदारी सौंपी गई। अभ्यास के दौरान 150 से अधिक टियर गैस सेल और ग्रेनेड छोड़े गए, साथ ही वाटर कैनन, बज्र वाहन, रूद्र वाहन और एम्बुलेंस सहित सभी जरूरी उपकरणों का परीक्षण किया गया।


### संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह ग़रीबनवाज़ का लोकार्पण एवं पुस्तक चर्चा

## कल साहित्य अकादमी, दिल्ली में आयोजित होगा लोकार्पण समारोह

भोपाल ■ अमृत दर्शन

वरिष्ठ कवि-कथाकार, निदेशक विश्व रंग एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह ग़रीबनवाज़ का लोकार्पण समारोह एवं पुस्तक चर्चा का आयोजन दिनांक 4 सितंबर 2025 (गुरुवार) को शाम 4.00 बजे से साहित्य अकादमी, दिल्ली के सभागार में होगा। यह आयोजन वनमाली सृजन पीठ दिल्ली एवं राजकमल प्रकाशन समूह, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व श्री संतोष चौबे के छः कहानी संग्रह हल्के रंग की कमीज, रेस्त्राँ में दोपहर, नौ बिन्दुओं का खेल, बीच प्रेम में गाँधी, मगर शेक्सपियर को याद रखना तथा प्रतिनिधि कहानियाँ प्रकाशित और चरित्र हुए हैं।



ग़रीबनवाज़ का लोकार्पण समारोह सुप्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया के आत्मीय सान्निध्य में आयोजित होगा और अध्यक्षता वरिष्ठ रचनाकार जानकी प्रसाद शर्मा करेंगे। संतोष चौबे अपने ताजा कहानी संग्रह से कहानीपाठ करेंगे। स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ कवि एवं वनमाली सृजन पीठ, दिल्ली के अध्यक्ष श्री लीलाधर मंडलोई देंगे।


कार्यक्रम में वरिष्ठ आलोचक-संपादक श्री अखिलेश, वरिष्ठ आलोचक श्री विनोद तिवारी, अल्पना मिश्र एवं आशुतोष कहानी संग्रह पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन युवा रचनाकार श्री प्रांजल धर करेंगे। राजकमल प्रकाशन समूह के अशोक माहेश्वरी आभार व्यक्त करेंगे।

**उनके हिस्से का प्रेम और ग़रीबनवाज़ कहानियों का होगा मंचन:** 5 सितंबर को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD), नई दिल्ली के सम्मुख सभागार में सँवरेगा कहानियों का मंच।

वनमाली सृजन पीठ, दिल्ली के तत्वावधान में संभव आर्ट ग्रुप, दिल्ली द्वारा संतोष चौबे की दो कहानियाँ उनके हिस्से का प्रेम और ग़रीबनवाज़ का नाट्य मंचन प्रख्यात नाट्य निर्देशक देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन होगा। कहानियों का मंचन 05 सितंबर 2025 शाम 6:30 बजे से सम्मुख सभागार राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली में होगा।

# इस प्रकार करें ब्यूटी प्रोडक्ट का बेहतर इस्तेमाल

खूबसूरती निखारने आप घरेलु नुस्खे भी आजमा सकती हैं। हमेशा महंगे उत्पाद खरीदने की जरुरत नहीं है। मस्कारा व आईलाइनर सूख जाए या फिर खत्म होने की स्थिति में हो तो उसे हल्के गर्म पानी में रखें या कॉन्टेक्ट लेंस सॉल्यूशन की कुछ बूंदे डालकर उनको आप एक बार फिर इस्तेमाल कर सकती हैं। मेकअप हटाने के लिए रिमूवर व क्लींजिंग मिल्क की जगह नारियल तेल , बेबी ऑयल या फिर दूध का उपयोग किया जा सकता है। फाउंडेशन वाला स्पंज अगर खराब हो गया है तो ब्रश से भी फाउंडेशन लगा सकती हैं। ब्रश से उसे फैलाएं, फिर टिश्यू पेपर को हल्का गीला करके उसको एक सार करें।





डार्क शेड के फाउंडेशन को अपनी स्किन टोन से मिलाने के लिए फाउंडेशन और मॉइश्चराइजर के साथ इसे मिलाएं।

लिप बाम बनाने के लिए बची हुए लिपस्टिक किसी स्टिक से निकाल लें फिर उसे माइक्रोवेव में मेल्ट कर लें। फिर उसे एक बाउल में निकाल लें। फिर इसे लिप बाम की तरह इस्तेमाल करें।

स्क्रब खत्म हो जाए तो नया स्क्रब खरीदने की जगह ब्राउन शुगर और शहद को आपस में मिला कर स्क्रब बनाएं। गालों की लालिमा को बनाए रखने के लिए ब्लशऑन की जगह पिंक लिपस्टिक का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।अगर बॉक्स में ड्राई आईशैडो टूट गया है तो इसे जोड़ने के लिए उसमें एल्कोहल की कुछ बूंदें डालकर मिलाएं और उसी डिब्बी में जमा कर रखें।टूटे कॉम्पेक्ट को एक डिब्बी में एक साथ रख लें। फिर उसे इस्तेमाल करें।टूटी हुई लिपस्टिक को जोड़ने के लिए उसे थोड़ा गर्म करे या फिर हेयर ड्रायर चला कर टूटे हिस्सों को जोड़ दें।

# आभूषण के संदेश को भी समझें

आभूषण नारी को हमेशा प्रिय रहे हैं। इससे नारी का सौंदर्य कई गुना बढ़ जाता है। आभूषण सुंदरता बढ़ाने के साथ ही उसे स्वस्थ भी रखते हैं। हर आभूषण् के अंदर एक गुण सन्देश छिपा है। सभी महिलाओं को चाहिये की आभूषण धारण करने के साथ ही आभूषण के अन्तर्गत निहीत अर्थ संन्देश को भी हृदयगम करे, ताकी उस आभूषण नाम सार्थक हो सके



**काजल - शील का जल आंखों में रखें**

**नथ - मन को नियन्त्रित रखें, जिससे नाक ऊंची रहे**

**टीका - बुराई छोड़ दे**

**बिंदी - ध्यान रखें यश का ही टीका लगे**

**वंदनी - पति एवं गुरूजनों की वन्दना करें**

**कर्ण फूल - कानों से दूसरों की प्रशंसा सुनें**

**कण्ठहार - पति के कण्ठ का हार बनें**

**कड़े -किसी से कड़ी बात न बोलें**

**छल्ले - किसी से छल न करें**

**करधनी या कमरबंद - सत्कर्मो के लिए**

**हमेशा कमर बाँधकर तैयार रहें**

**पायल - सभी बड़ी बूढ़ी औरतों के पाँव ( चरण ) स्पर्श करें**

**मेंहदी - लाज की लाली बनायें रखें**

# मुंहासों से इस प्रकार मिलेगी राहत



मुंहासे की समस्या आम है पर इससे संदरता प्रभावित होती है। ऐसे में युवतियां इन्हें ठीक करने कोई भी घरेलू प्रयोग करने लगती हैं जो कई बार इन्हें ठीक करने की जगह और भी बढ़ा देता है। नीबू आदि लगाने से यह बढ़ भी सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मुंहासा प्रभावित हिस्से को हाथ भी नहीं चाहिए। कई बार आंतरिक असंतुलन खासकर हार्मोन की वजह से मुंहासे निकलते हैं। आंतरिक समस्या से मुंहासे होने पर रक्त की जांच व अल्ट्रासाउंड से पता चल जाता है। मुंहासों से बचने के लिए संतुलित व स्वास्थ्यपरक आहार जैसे फलों, सब्जियों का सेवन करें। अपनी त्वचा को नियमित रूप से मॉइश्चराइज करें, जिससे त्वचा में नमी बनी रहे।

बैक्टीरिया को दूर रखने के लिए चेहरे पर कुछ क्रीम आदि लगाते समय अपने हाथ जरूर धो लें। प्रभावित हिस्से को लगातार हाथ लगाने से बैक्टीरिया के फैलने की संभावना होती है, जिससे और मुंहासे निकल सकते हैं।

टी ( चाय ) ट्री तेल जीवाणु रोधी और एंटी फंगल होता है और यह तैलीय त्वचा के लिए उपयुक्त होता है। मुंहासों से बचने के लिए इस तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है।


कई लोगों का मानना होता है कि मुंहासे त्वचा के अधिक तैलीय होने के कारण निकलते हैं और ऐसे में वे कठोर साबुन या स्क्रब का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं जो नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि ज्यादा ड्राई स्किन मुंहासों को और बढ़ा सकती है।

स्क्रब से मुंहासों में सूजन व लालिमापन आने की संभावन बढ़ जाती है और चेहरे में जलन महसूस हो सकती है।

मुंहासों के उपचार में तीन से लेकर छह महीने तक का समय लग सकता है। ऐसे में संयम बनायें रखें। तत्काल उपाय के प्रयास में और भी घाटा हो सकता है।

चेहरे को रोजाना दो-तीन बार धोएं, अगर त्वचा में पर्याप्त मात्रा में मॉइश्चराइजर है तो फिर यह अपना ऑयल बाहर नहीं निकालता है, ऐसे में मुंहासे होने की संभावना नहीं होती है।

# बाहरी नहीं प्राकृतिक सुंदरता है जरुरी



युवतियां अपनी बाहरी सुंदरता को लेकर बेहद सजग रही हैं जो ठीक भी है पर इसके साथ ही प्राकृतिक सुंदरता पर भी ध्यान दें। हैं। बाहरी त्वचा को सुंदर बनाने के फेर में हम प्राकृतिक सुंदरता का अहसास नहीं कर सकते। अगर आप सचमुच उस प्राकृतिक सुंदरता को पाना चाहती हैं तो अपने अंदर की असली सुंदरता को पहचानें। अपनी जिंदगी में सभी चीजों के बीच संतुलन कायम करने का सफल प्रयास करें। इससे न केवल आप खुश रहेंगे बल्कि आप स्वस्थ भी महसूस करेंगे। इससे आपके अंदर की असली सुंदरता स्वयं निखरकर बाहर आ जाएगी और आप पहले से कहीं ज्यादा सुंदर दिखाई देंगी। इसे ऐसे हासिल करें।

## तुलना न करें

जहां बात आती है अपने सुंदर दिखने की तो हम अक्सर दूसरे लोगों से अपनी तुलना करने लग जाते हैं जबकि यह सही नहीं है। अपनी सुंदरता को लेकर दूसरों से अपेक्षा पर निर्भर रहने की बजाय स्वयं उस आंतरिक सुंदरता का दिदार करें। आपकी सुंदरता को निहारने का सबसे पहला अधिकार आपका ही है। इसलिए अपने अंदर की सुंदरता को पहचानें और उससे प्यार करें। आपका खुद के साथ संतुष्ट होना बहुत आवश्यक है क्योंकि इससे आप स्वयं का बहुत ज्यादा ध्यान रखना शुरू कर देंगी।

इसके अलावा खुद को पसंद करना एक महिला के लिए इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसके माध्यम से वह अपने अंदर छुपी एक ऐसी नारी की पहचान कर लेती है जो पुरूषों को आकर्षित करने का प्रयास नहीं करती, बल्कि असली वास्तविकता से जुडी़ है। यह बिल्कुल मायने नहीं रखता कि कोई पुरूष आपको पसंद करे या न करें। स्वयं के अंदर असली रूप में मौजूद सुंदरता से प्यार करें क्योंकि इससे होने वाली अंदरूनी खुशी के कारण बाहरी सुंदरता भी अपने आप खिल उठती है।

## नारीत्व गुण कायम रखें

अक्सर पुरूष उन्हीं महिलाओं को ज्यादा देखना पसंद करते हैं जो नारीत्व गुण से जुड़ी हुई हैं। जिस नारी के अंदर नारीत्व गुण बना हुआ है, वह आज भी बहुत ज्यादा सुंदर दिखाई देती है। क्योंकि नारीत्व गुण खत्म नहीं हुआ है, यह आज भी मौजूद है। माना कि इसमें त्याग है, सहनशीलता है लेकिन यह बहुत ज्यादा मजबूत है। सबसे ज्यादा आकर्षित होता है एक औरत का उत्साह जिसके बल पर वह अपने को मजबूत महसूस करती है। आप जितना ज्यादा अपनी नारी शक्ति का समर्थन करती है यह उतनी ही ज्यादा आपको मजबूती प्रदान करती है।

# खतरनाक साबित हो सकता है जोड़ों का दर्द



अक्सर लोगों को कमर में अकड़न, पीठ और जोड़ों में दर्द की शिकायत रहती है और वे इसे नजरअंदाज कर देते हैं पर ऐसा करना आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। अगर जोड़ों के दर्द के कारण आपकी रात में तीन-चार बजे आपकी नींद खुल जाती है और आप असहज महसूस करते हैं, तो डॉक्टर से सलाह लीजिए क्योंकि आपको स्पांडिलाइटिस की शिकायत हो सकती है।

स्पांडिलाइटिस से हृदय, फेफड़े और आंत समेत शरीर के कई अंग प्रभावित हो सकते हैं।

स्पांडिलाइटिस को नजरंदाज करने से गंभीर रोगों का खतरा पैदा हो सकता है। इससे बड़ी आंत में सूजन यानी कोलाइटिस हो सकता है और आंखों में संक्रमण हो सकता है।

स्पांडिलाइटिस एक प्रकार का गठिया रोग है। इसमें कमर से दर्द शुरू होता है और पीठ और गर्दन में अकड़न के अलावा शरीर के निचले हिस्से जांघ, घुटना व टखनों में दर्द होता है। रीढ़ की हड्डी में अकड़न बनी रही है। स्पांडिलाइटिस में जोड़ों में इन्फ्लेमेशन यानी सूजन और जलन के कारण तेज दर्द होता है।

वहीं नौजवानों में स्पांडिलाइटिस की शिकायत ज्यादा होती है। आमतौर पर 45 से कम उम्र के पुरुषों और महिलाओं में स्पांडिलाइटिस की शिकायत रहती है।

एंकिलोसिंग स्पांडिलाइटिस गठिया का एक सामान्य प्रकार है जिसमें रीढ़ की हड्डी प्रभावित होती है और कशेरूक में गंभीर पीड़ा होती है जिससे बेचैनी महसूस होती है। इसमें कंधों, कुल्हों, पसलियों, एड़ियों और हाथों व पैरों के जोड़ों में दर्द होता है। इससे आखें, फेफड़े, और हृदय भी प्रभावित होते हैं।

बच्चों में जुवेनाइल स्पांडिलोअर्थ्राइटिस होता है जोकि 16 साल से कम उम्र के बच्चों में पाया जाता है और यह वयस्क होने तक तकलीफ देता है। इसमें शरीर के निचले हिस्से के जोड़ों में दर्द व सूजन की शिकायत रहती है। जांघ, कुल्हे, घुटना और टखनों में दर्द होता है। इससे रीढ़, आंखें, त्वचा और आंत को भी खतरा पैदा होता है। थकान और आलस्य का अनुभव होता है।

स्पांडिलाइटिस मुख्य रूप से जेनेटिक म्युटेशन के कारण होता है। एचएलए-बी जीन शरीर के प्रतिरोधी तंत्र को वाइरस और बैक्टीरिया के हमले की पहचान करने में मदद करता है लेकिन जब जीन खास म्युटेशन में होता है तो उसका स्वस्थ प्रोटीन संभावित खतरों की पहचान नहीं कर पाता है और यह प्रतिरोधी क्षमता शरीर की हड्डियों और जोड़ों को निशाना बनाता है, जो स्पांडिलाटिस का कारण होता है हालांकि अब तक इसके सही कारणों का पता नहीं चल पाया है.

## संक्षिप्त समाचार

### फिजियो से बोले रोहित, आओ तुम्हें घर छोड़ दूं

**मुम्बई।** भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद मुंबई लौट आये हैं। इससे अब रोहित के अगले माह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेलने को लेकर जतायी जा रही सभी आशंकाएं दूर हो गयी हैं। रोहित के मुम्बई एयरपोर्ट पर पहुंचने ही प्रशंसक उनके स्वागत के लिए उमड़ पड़े। इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें रोहित टीम के फीजियो अमित दुबे से मजाकिया अंदाज में कहते है आओ तुमको घर छोड़ दूं। इस वीडियो को जमकर लाइक किया गया है। शल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच रहा है। रोहित के साथ ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने भी बेंगलुरु में अपना-अपना फिटनेस टेस्ट दिया है। 38 साल के रोहित शर्मा टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।

### बाढ़ प्रभावित पंजाब के हालात देखकर दुखी हुए शुभमन

**चंडीगढ़।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल पंजाब में आई भीषण बाढ़ से हुई हानि को देखकर बेहद दुखी हैं। पंजाब में आई बाढ़ से तकरीबन तीन लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। शुभमन का मानना है कि पंजाब इस प्राकृतिक आपदा का मजबूती के साथ मुकाबला करेगा और लोग भी इससे उबर जाएंगे। शुभमन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, बाढ़ से तबाह हुए अपने पंजाब को देखकर बेहद दुख हुआ है। पंजाब हर मुसीबत से ज्यादा मजबूत है। हम इससे उबरकर फिर खड़े होंगे। मेरी प्रार्थनाएं सभी प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मैं अपने लोगों के साथ मजबूती से खड़ा हूं।

### अफगानिस्तान टीम ने भूकंप पीड़ितों को दान की मैच फीस

**शारजार।** यहां अभी त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज खेल रही अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने अपने देश में आये भूकंप पर दुख जताते हुए पीड़ितों के लिए मैच फीस की पूरी राशि ही दान कर दी है। इन खिलाड़ियों ने भूकंप पीड़ितों के लिए दुआएं भी की हैं। खिलाड़ियों ने कहा है कि वे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मिली मिली मैच फीस की राशि दान कर देंगे। पूरी मैच फीस के साथ ही खिलाड़ियों ने निजी तौर पर भी सहायता राशि दी है। अफगानिस्तान और यूएई के खिलाड़ियों ने मैच से पहले जान गंवाने वाले लोगों की याद में कुछ देर के लिए मौन भी रखा।

### पहली बार किसी राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा दिल्ली

# 13 साल बाद दिल्ली में होगी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप स्पर्धा



#### 12 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे खिलाड़ी

दिल्ली राज्य टेबल टेनिस संघ (डीएसटीटीए) 2008 के बाद पहली बार किसी राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, हालांकि भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने हरियाणा के सहयोग से 2012 में राष्ट्रीय राजधानी में एक टूर्नामेंट का आयोजन किया था। खिलाड़ी सीनियर, अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15, अंडर-13 और अंडर-11 श्रेणियों सहित 12 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। पुरुष वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में कई पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन जैसे साथियान, हरमीत, एंथनी अमलराज और सौम्यजीत घोष शामिल हैं। घोष 2012 में लंदन ओलंपिक में भाग लेने के बाद व्यक्तिगत कारणों से राष्ट्रीय टीम की तरफ से नहीं खेल पाए थे।

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दिल्ली राज्य टेबल टेनिस संघ (डीएसटीटीए) 2008 के बाद पहली बार किसी राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, हालांकि भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने हरियाणा के सहयोग से 2012 में राष्ट्रीय राजधानी में एक टूर्नामेंट का आयोजन किया था। देश की राजधानी दिल्ली में 13 साल बाद राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन दीया चितले और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जी साथियान और हरमीत देसाई सहित कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी सात सितंबर से शुरू हो रहे यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

#### बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने से ओलंपिक की भरपाई कर दी



भारत की इस जोड़ी का पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना सेमीफाइनल में चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी से हार के साथ टूट गया। भारतीय पुरुष युगल बैडमिंटन टीम के सदस्य चिराग शेट्टी ने कहा कि हाल में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से एक साल पहले इसी शहर में ओलंपिक खेलों में पोडियम तक नहीं पहुंच पाने की काफी हद तक भरपाई कर दी। चिराग और लंबे समय से उनके साथी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने पिछले सप्ताह विश्व चैंपियनशिप में पुरुष युगल का कांस्य पदक जीता। दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक हासिल किया।



बैंकाक में तुर्की और स्लोवेनिया के खिलाफ वॉलीबाल मैच में खेलती हुई खिलाड़ी।

### पाँचवें शांति-गया स्मृति सम्मान घोषित

# साहित्य, कला और खेल जगत से जुड़ी उत्कृष्ट प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**भोपाल ■ निप्र**

साहित्य, कला और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए, शांति-गया स्मृति साहित्य, कला एवं खेल संवर्द्धन समिति ने अपने पाँचवें शांति-गया स्मृति सम्मान की घोषणा की है। यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि यह उन प्रतिभाओं के मनोबल को बढ़ाने और उनकी उपलब्धियों को समाज के सामने लाने का एक प्रयास है। इस वर्ष बड़ी संख्या में प्राप्त प्रविष्टियों ने यह साबित कर दिया है कि इन तीनों क्षेत्रों में आज भी नई ऊर्जा और रचनात्मकता भरी हुई है। गहन मूल्यांकन के बाद, समिति ने चयनित नामों की घोषणा की है।

इस सम्मान से सम्मानित होने वाले कलाकार और साहित्यकार जिन्हें आगामी घोषित तिथि में राजधानी भोपाल में आयोजित एक गरिमापूर्ण भव्य कार्यक्रम सम्मानित किया जाएगा।



उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय साहित्य सेवा हेतु शांति-गया स्मृति शिखर सम्मान: प्रख्यात साहित्यकार डॉ. अखिलेश पलारिया (राजस्थान)।

नैली राजेश सिंह स्मृति कहानी सम्मान: सुषमा मुनींद्र। अजय सिंह राणा (विशेष सम्मान)।

नैली राजेश सिंह स्मृति कविता सम्मान: आशीष दशोत्तर (रतलाम)।

अनूप श्रीवास्तव स्मृति व्यंग्य सम्मान: प्रभाशंकर उपाध्याय व अजय अनुरागी सुनील सक्सेना (विशेष सम्मान)।

### शिवांश शर्मा और अशांक मिश्रा 69वीं सरताज लीग बैडमिंटन के युगल फाइनल में

# अशांक -अक्षत सिन्हा ने तीन वर्गों के फाइनल में बनाई जगह

**इंदौर ■ निसं**

सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 69वीं सरताज लीग बैडमिंटन स्पर्धा के युगल फाइनल में शिवांश शर्मा और अशांक मिश्रा ने अपनी जगह पक्की कर ली है। खिताबी मुकाबले में उनका सामना वैभव लाहोरिया और अक्षत सिन्हा की जोड़ी से होगा। इस टूर्नामेंट में अशांक मिश्रा और अक्षत सिन्हा ने तीन अलग-अलग वर्गों के फाइनल में पहुंचकर शानदार प्रदर्शन किया है।

नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हॉल में चल रही इस स्पर्धा में शिवांश और अशांक की जोड़ी ने लीग मुकाबले में अब्दुल कादिर उज्जैनवाला और अर्णव शाह को 17-15, 15-9 से हराया। वहीं, वैभव लाहोरिया और अक्षत सिन्हा ने शिवांश सुनेरे और आदित्य तिलवरकर को 10-15, 15-8, 15-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वैभव और अक्षत ने लीग के सभी 5 मैच जीते हैं।

=एकल फाइनल के दावेदार=



एकल मुकाबलों में, अशांक मिश्रा 13 और 15 वर्ष के बालक वर्ग के फाइनल में हैं, जबकि अक्षत सिन्हा 15 और 17 वर्ष के बालक एकल फाइनल में पहुंचे हैं। वैभव लाहोरिया (17 वर्ष), शिवांश शर्मा (13 वर्ष) और अथर्व चौधरी-अद्वित शाह (11 वर्ष) भी बालक एकल के खिताबी मुकाबले में हिस्सा लेंगे। बालिका वर्ग के फाइनल में नायशा पुरोहित और हेतल पाटिल आमने-सामने होंगी। 15 वर्ष बालक एकल में तीसरे स्थान के लिए अब्दुल कादिर उज्जैनवाला और आदित्य तिलवरकर के बीच मुकाबला होगा।

स्पर्धा सचिव धर्मेश यशलहा ने बताया कि सभी मुकाबले योनेक्स फेदर शटलकॉक से खेले जा रहे हैं।

## व्यापार समाचार

### चीन के साथ रिश्तों पर बोले गोयल

# भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत जारी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि भारत और चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं, जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे, तनाव कम होना स्वाभाविक परिणाम होगा।

भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। वाणिज्य उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। साथ ही गोयल ने बताया कि भारत और चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं।

दो महान देश की समस्या का समाधान निकाल लेंगे- गोयल: गोयल ने उद्योग मंडल के एक सतत विकास संबंधी कार्यक्रम में कहा कि बहुत कुछ हुआ है, अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अमेरिका के साथ हम बीटीए पर संवाद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ब्रिटेन और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है।

उन्होंने दावा किया कि मुझे लगता है कि दो महान



देश (भारत और अमेरिका) इस समस्या का समाधान निकाल लेंगे। लेकिन रूसी तेल खरीदने और फिर उसे बेचने, व यूक्रेन में रूसी युद्ध प्रयासों को वित्तपोषित करने के मामले में भारत कोई बड़ी भूमिका नहीं निभा रहा है।

सीमा मुद्दा सुलझने पर भारत-चीन में तनाव होगा कम: भारत-चीन संबंधों पर बोलते हुए गोयल ने कहा कि जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे, तनाव कम होना स्वाभाविक परिणाम होगा। गोयल से जब पूछा गया कि क्या भारत और चीन अपने संबंधों को फिर से स्थापित कर रहे हैं, तो क्या पीएन3 में ढील की गुंजाइश है? इस पर उन्होंने कहा कि यह एक एससीओ शिखर सम्मेलन था, जिसमें सभी एससीओ सदस्यों ने भाग लिया। गलवान में हमारे बीच एक समस्या थी, जिसके कारण हमारे संबंधों में थोड़ी गिरावट आई थी। जैसे ही सीमा का समाधान हो जाता है, मुझे लगता है कि स्थिति का सामान्य होना एक बहुत ही स्वाभाविक परिणाम है।

पीएन3 का महत्व: वर्तमान में, चीन जैसे भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए सभी क्षेत्रों में सरकारी अनुमोदन लेना अनिवार्य है। यह नीति अप्रैल 2020 में प्रेस नोट 3 (पीएन3) के रूप में जारी की गई थी।

#### भारत और अमेरिका के बीच हो चुकी है पांच दौर की वार्ता

भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद, अमेरिकी टीम ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत की अपनी यात्रा स्थगित कर दी है। यह पहले 25 अगस्त से होने वाली थी। अभी तक छठे दौर की वार्ता के लिए कोई नई तारीख तय नहीं की गई है।

### डिजाइन से जुड़ी छूट का होगा विस्तार, बोले आईटी सचिव

# सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को जारी रहेगी सरकारी मदद


**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम में बोलते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को समर्थन देने के लिए डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) के तहत लाभों का विस्तार करने के साथ-साथ इसके तहत प्रदान किए जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर विचार कर रही है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

देश में चल रही महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं को केंद्र और राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का 70 प्रतिशत तक मिलना जारी रह सकता है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह दावा किया।

सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम में बोलते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को समर्थन देने के लिए डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (डीएलआई) के तहत लाभों का विस्तार करने के साथ-साथ इसके तहत प्रदान किए जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर विचार कर रही है।

कृष्णन ने कहा कि भारत द्वारा सेमीकंडक्टर परियोजनाओं के लिए दिया जा रहा समर्थन अभूतपूर्व है और लगभग 30 अरब अमेरिकी डॉलर का



प्रोत्साहन तथा अन्य लाभ क्रियान्वयन के अधीन हैं। केंद्र सरकार 50 प्रतिशत पूंजीगत सहायता दे रही है, जबकि राज्य सरकार कुल परियोजना लागत का लगभग 20 प्रतिशत प्रोत्साहन देती है।

कृष्णन ने कहा, इतने वर्षों में मैंने कभी भी औद्योगिक नीति समर्थन जितना उदार कार्यक्रम नहीं देखा, जो किसी विशेष परियोजना की लागत का लगभग 70 प्रतिशत होता है। यह 70 प्रतिशत समतुल्य आधार पर वितरित किया जाता है... इस स्तर की सहायता निश्चित रूप से कुछ क्षेत्रों के लिए जारी रहेगी, जो महत्वपूर्ण और महत्त्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर, फैब्स, डिस्प्ले फैब्स आदि देश के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### अकाउंट एग्रीगेटर से वित्तीय समावेशन और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बताया कि अकाउंट एग्रीगेटर (एए) प्रणाली ने भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा व्यक्तिगत ऋण की पहुंच को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे 2 सितंबर 2021 को आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया था, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक ने 2016 में इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। यह एक डिजिटल फ्रेमवर्क है जो वित्तीय डेटा को सुरक्षित और सहमति-आधारित तरीके से साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। इससे बैंकिंग, बीमा, पेंशन और प्रतिभूति जैसे क्षेत्रों में डेटा साझा करना सरल और सुरक्षित हो गया है। इस पहल से भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) मजबूत हुआ है।

### डिक्सन बना भारत का सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्माता

**नई दिल्ली।** डिक्सन टेक्नोलॉजीज के नेतृत्व में भारतीय स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों ने वैश्विक दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए उत्पादन में बड़ा हिस्सा हासिल कर लिया है। एक अध्ययन के अनुसार, अप्रैल-जून 2025 तिमाही में घरेलू कंपनियों का कुल उत्पादन हिस्सा 36 फीसदी तक पहुंच गया, जो पिछले साल इसी अवधि में सिर्फ 9 फीसदी था। डिक्सन ने इस तिमाही में 22 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल कर सैमसंग, फॉक्सकॉन और वीवो जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। यह 196 फीसदी की तेज वृद्धि दर्शाता है। डिक्सन 70 मिलियन फोन सालाना उत्पादन क्षमता वाले नए प्लांट पर भी काम कर रहा है, जिससे उसकी उत्पादन क्षमता और बढ़ेगी।

### इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज की रीढ़ साबित होगा ईएल प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी कंपनी ने अपने बहुप्रतीक्षित ईएल प्लेटफॉर्म से पर्दा हटा दिया है। इसके बारे में एथर का कहना है कि यह नेक्स्ट-जनरेशन प्लेटफॉर्म उसकी आने वाली इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज की रीढ़ साबित होगा। इसके तहत कंपनी फैमिली स्कूटर, मैक्सी-स्कूटर और स्पोर्टी परफॉर्मेंस ईवी लॉन्च करेगी। इस मौके पर एथर ने ईएल 01 कॉन्सेप्ट भी दिखाया, जो भविष्य के फैमिली स्कूटर की झलक पेश करता है। कंपनी का पहला नया स्कूटर अगले साल त्योहारी सीजन में बाजार में आएगा और इसका उत्पादन महाराष्ट्र के संभाजी नगर प्लांट में होगा। ईएल प्लेटफॉर्म को पूरी तरह नए सिरे से डिजाइन किया गया है।

# जिन रेल कर्मचारियों का एसबीआई में खाता उन्हें मिलेगा 1 करोड़ का दुर्घटना बीमा, मंत्रालय का एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए महत्वपूर्ण बीमा कवर प्रदान करने के लिए एसबीआई के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एसबीआई वेतन खाते वाले रेलवे कर्मचारियों को एक करोड़ रुपये का दुर्घटना मृत्यु बीमा मिलेगा।

भारतीय रेलवे ने अपने कर्मचारियों के लिए बड़ी घोषणा की है। रेल मंत्रालय ने बताया है कि एसबीआई में वेतन खाता वाले रेलवे कर्मचारियों को एक करोड़ रुपये का दुर्घटना मृत्यु बीमा मिलेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक के साथ इस बारे में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

सीजीईजीआईएस के तहत कर्मचारियों को मिलता था बीमा कवर: अभी तक केंद्रीय सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना के तहत ग्रुप ए, बी और सी कर्मचारियों को क्रमशः केवल ?1.20 लाख, 60,000 और 30,000 का कवर मिलता था।

समझौते के तहत क्या-क्या मिलेगा लाभ: इसके समझौते के तहत कर्मचारियों को प्राकृतिक मृत्यु पर भी 10 लाख का बीमा कवर मिलेगा। इसके लिए न तो प्रीमियम देना होगा और न ही कोई मेडिकल जांच करानी होगी। मंत्रालय ने बताया कि इस एमओयू के तहत कुछ अन्य पूरक बीमा लाभ भी शामिल हैं। इनमें हवाई दुर्घटना बीमा कवर 1.60 करोड़, रुपे डेबिट कार्ड पर अतिरिक्त एक करोड़ रुपये तक, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर एक करोड़ रुपये तक और स्थायी आंशिक विकलांगता पर 80 लाख तक का कवर शामिल है।

सात लाख कर्मचारियों को मिलेगा इस योजना का लाभ: रेलवे के मुताबिक, लगभग सात लाख कर्मचारी जिनके वेतन खाते एसबीआई में हैं, इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता कर्मचारियों के कल्याण पर केंद्रित है, खासकर ग्रुप सी जैसे अग्रिम पंक्ति के कर्मियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। यह भारतीय रेलवे और एसबीआई के बीच एक देखभाल और रचनात्मक साझेदारी को दर्शाता है।

### रेलवे ने एसबीआई के साथ किया एमओयू

# चीनी मिलों, डिस्टिलरियों को बिना प्रतिबंध इथेनॉल बनाने की अनुमति

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सरकार ने चीनी मिलों और डिस्टिलरी को नवंबर से शुरू होने वाले 2025-26 विपणन वर्ष में बिना किसी प्रतिबंध के इथेनॉल उत्पादन की अनुमति दे दी। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। खाद्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि चीनी मिलों और डिस्टिलरी को ईएसवाई 2025-26 के दौरान बिना किसी प्रतिबंध के गन्ने के रस/चीनी सिरप, बी-हैवी गुड़ के साथ-साथ सी-हैवी गुड़ से इथेनॉल का उत्पादन करने की अनुमति है। विभाग पेट्रोलियम मंत्रालय के परामर्श से समय-समय पर चीनी को इथेनॉल उत्पादन में बदलने की समीक्षा करेगा, ताकि घरेलू बाजार में चीनी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। वर्तमान



ईएसवाई 2024-25 के दौरान सरकार ने इथेनॉल उत्पादन के लिए 40 लाख टन चीनी के उपयोग की अनुमति दी है।

एसबीआई वेतन खाते वाले रेलवे कर्मियों को मिलेगा एक करोड़ रुपये का बीमा: भारतीय रेलवे ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों को महत्वपूर्ण बीमा कवर प्रदान करने के लिए सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। रेल मंत्रालय ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले कर्मचारियों को 1 करोड़ रुपये का दुर्घटना मृत्यु बीमा मिलेगा। इसके अतिरिक्त एसबीआई में केवल वेतन खाता रखने वाले सभी रेलवे कर्मचारी अब बिना किसी प्रीमियम का भुगतान किए या किसी मेडिकल जांच के 10 लाख रुपये के प्राकृतिक मृत्यु बीमा कवरेज के लिए पात्र होंगे। लगभग सात लाख रेलवे कर्मचारियों के वेतन खाते एसबीआई के पास हैं। यह समझौता कर्मचारी कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम है। मंत्रालय ने कहा कि समझौता ज्ञापन के तहत कुछ प्रमुख बीमा कवरों में 1.60 करोड़ रुपये का हवाई दुर्घटना बीमा (मृत्यु) कवर और रुपे डेबिट कार्ड पर एक करोड़ रुपये तक का अतिरिक्त कवर; एक करोड़ रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना (स्थायी पूर्ण विकलांगता) कवर; और 80 लाख रुपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना (स्थायी आंशिक विकलांगता) कवर शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने जावेद अख्तर का कार्यक्रम टालने पर ममता सरकार पर साधा निशाना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल उर्दू अकादमी द्वारा प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार जावेद अख्तर के कार्यक्रम को टालने के बाद राज्य की राजनीति गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए उसे कट्टरपंथियों के दबाव में झुकने का आरोप लगाया है। मामला, 31 अगस्त से शुरू होने वाले उर्दू अकादमी के चार दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन का है, जिसमें जावेद अख्तर को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था, लेकिन कार्यक्रम से ठीक पहले इसे स्थगित करने का फैसला लिया गया। हालांकि अकादमी ने अख्तर के कार्यक्रम को रद्द करने के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है। अकादमी की सचिव नुजहत जैनब ने कहा कि अनिवार्य परिस्थितियों के कारण कार्यक्रम स्थगित किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कोलकाता इकाई ने अख्तर को मुख्य अतिथि बनाए जाने का विरोध किया था और इसके लिए अकादमी को पत्र भी लिखा था। संगठन के स्थानीय महासचिव जिलुर रहमान आरिफ ने कथित तौर पर इस आमंत्रण पर आपत्ति जताई थी। भाजपा ने इसे ममता सरकार की तुष्टिकरण राजनीति से जोड़ा है।

### दिल्ली-किशनगंज-दयाबस्ती सेक्शन पर ब्रिज रिप्लेसमेंट के कारण कई ट्रेनें रद्द एवं डायवर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में दिल्ली किशनगंज-दयाबस्ती स्टेशनों के बीच स्टील गर्डर ब्रिज संख्या-04 को बदलने के लिए होने वाले पावर और ट्रैफिक ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किए हैं। उत्तर रेलवे ने मंगलवार को बताया कि ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 5 सितंबर को शकरबस्ती-बल्लभगढ़ (64908), बल्लभगढ़-शकरबस्ती (64071), शकरबस्ती-नई दिल्ली (64018), जिंद जंक्शन-नई दिल्ली (64912) और नई दिल्ली-जिंद जंक्शन (64915) गाड़ियां रद्द रहेंगी। इसी तरह कई लंबी दूरी की गाड़ियां वैकल्पिक मार्ग से चलाई जाएंगी। इसमें गोरखपुर-बठिंडा (12555), प्रयागराज-भिवानी (14117), बालुरघाट-बठिंडा (15743), नई दिल्ली-मोगा (22485) और मेरठ कैंट-श्रीगंगानगर (14030) शामिल हैं। इनमें से कुछ ट्रेनों के रास्ते में आने वाले ठहराव भी हटाए गए हैं। इसके अलावा, 4 और 5 सितंबर को कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से समाप्त या प्रारंभ होंगी। इनमें पलवल-शकरबस्ती (64019), जिंद-नई दिल्ली (54024), दिल्ली-भिवानी (54005), खुर्जा-शकरबस्ती (64111), शकरबस्ती-पलवल (64012), दनकौर-शकरबस्ती (64109) और शकरबस्ती-दनकौर (64112) शामिल हैं।

### केजरीवाल ने की बाढ़ग्रस्त पंजाब की मदद करने की अपील

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज बाढ़ की मार झेल रहे पंजाब राज्य की संकट में मदद करने की अपील की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से राजनीति से ऊपर उठकर पंजाब की मदद करने और योगदान देने को कहा है। एक वीडियो संदेश में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी सांसद और विधायक अपने एक-एक महीने की तनख्वाह पंजाब मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान कर रहे हैं। पंजाब के लिए वे खुलकर योगदान करने की अपील करते हैं। केजरीवाल ने कहा कि भारत मां का कवच पंजाब आज बाढ़ की त्रासदी झेल रहा। इसकी मदद को आगे आयें। भारत पर जब भी विदेशी हमले हुए, उन्हें पंजाब ने अपने सीने पर लेकर देश की रक्षा की। आजादी की लड़ाई में सबसे ज़्यादा शहादत पंजाब के लोगों ने दी थी। पंजाब के कण-कण में बहादुरी है और यहां की धरती पर ज्ञान और वीरता की गाथाएं सींची गई हैं।

### कांग्रेस विधायक वीरेंद्र के घर पर ईडी का फिर छापा

**चित्रदुर्ग।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र पप्पी के घर पर फिर से मंगलवार को छापा मारा है। विधायक ईडी की हिरासत में पहले से ही हैं। जिन पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। जानकारी के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विधायक वीरेन्द्र के चित्रदुर्ग के चल्लकेरे स्थित एक पुराने घर की तलाशी ली है। ईडी के अधिकारियों ने घर के अंदर मौजूद दस्तावेजों की जांच की है और नए सबूतों की तलाश कर रहे हैं। ईडी ने किले में खड़ी चार लग्जरी कारों की जानकारी की है।

### हिमाचल, उत्तराखंड में भूस्खलन से सड़कें बंद और कई मौतें, एनडीआरएफ तैनात

# बारिश से आफत दिल्ली के कई इलाकों में बाढ़ के हालात, खतरे के निशान के पार यमुना



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

देश के अधिकांश हिस्से इस समय मूसलाधार बारिश की मार झेल रहे हैं। हिमाचल, उत्तराखंड में भूस्खलन से सड़कें बंद और कई मौतें हुई हैं। दिल्ली-एनसीआर यूपी, पंजाब, हरियाणा में भी जलभराव से हालात बिगड़े हैं। सेना और एनडीआरएफ राहत में जुटे हैं।

सितंबर में बारिश और मौसमी दशाओं को लेकर मौसम विभाग की चेतावनी सच साबित होती दिख रही है। उत्तर भारत में सितंबर की शुरुआत भीगी-भीगी रही है। यहां राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में बीते दो दिनों से बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दूसरी तरफ उत्तर भारत के कुछ और राज्यों में भी स्थितियां बिगड़ी हैं। मौसम विभाग इन क्षेत्रों में बारिश को लेकर रेड और यलो अलर्ट जारी कर रहा है।

मौसम विभाग ने उत्तर भारत में और बारिश की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पड़ोसी राज्यों हिमाचल प्रदेश और पंजाब में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी है। आईएमडी द्वारा जारी चेतावनियों के अनुसार, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में फिर से भारी बारिश का अनुमान है। नोएडा और गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में और बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। यमुना नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण यमुना बाजार के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। यमुना बाजार इलाके में ह्ष्ठक्रस्न की टीम तैनात है।कमांडेंट ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि यहां पर तकरीबन 5-6 फीट पानी है। निचले इलाकों के घरों से लोगों को निकाल लिया गया है। अभी कुछ लोग और भी हैं जिन्हें बोला गया है कि सुरक्षित जगहों पर आ जाएं। कल रात से ही टीम यहां तैनात है। हम हर प्रकार की स्थिति के लिए तैयार हैं। भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर, कई राज्यों और शहरों ने छात्रों की सुरक्षा के लिए स्कूलों को बंद करने की घोषणा की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नोएडा, गाजियाबाद, चंडीगढ़, शिमला और जम्मू-कश्मीर में आज स्कूल बंद रहेंगे।उत्तरी राज्यों में भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। जिसको देखते हुए भारत ने पाकिस्तान को सतलुज और तवी में बाढ़ की संभावना को लेकर अलर्ट किया है। इससे पहले, भारत ने पिछले हफ्ते पाकिस्तान को तवी नदी में संभावित बाढ़ को लेकर एक के बाद एक तीन चेतावनियां जारी की थीं।। पंजाब में भारी बारिश से सतलुज, ब्यास और रावी नदियों के साथ मौसमी नदियां भी उफान पर हैं। जलाशयों से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के कारण हालात और गंभीर हो सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी है। वहीं, अगले 7 दिन हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। इसके अलावा अनंतनाग, डोडा, कठुआ, किश्तवाड़, कुलगाम, पुंछ, रामबन, रियासी और उधमपुर जैसे जिलों में मध्यम से उच्च बाढ़ का खतरा है। यहां लगातार बारिश के कारण पहाड़ियों से भारी कीचड़ और पत्थर गिरकर सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी मरम्मत कार्य चल रहा है। पंजाब में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, राज्य के 23 जिलों के कुल 3.5 लाख लोग बारिश और अचानक आई बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

## पंजाब आपदा ग्रस्त घोषित, सभी 23 जिलों के 1400 से अधिक गांवों में बाढ़

### स्कूल-कॉलेज 7 सितंबर तक बंद



**चंडीगढ।** पंजाब के 3 लाख 54 हजार 626 लोग बाढ़ की वजह से प्रभावित हैं। 19,597 लोगों को बाढ़ग्रस्त इलाकों से सुरक्षित निकाला जा चुका है। अभी तक चार लाख एकड़ से ज्यादा फसल बर्बाद हो चुकी है।

पंजाब में लगातार बारिश और बाढ़ से हालात खराब होते जा रहे हैं। प्रदेश के सभी 23 जिलों में 1200 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में है। हालात को देखते हुए पंजाब सरकार ने पूरे राज्य को आपदा प्रभावित घोषित किया है। मुख्य सचिव केएपी सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2025 के तहत सभी जिला मजिस्ट्रेटों और विभागों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पंजाब भर के सभी सरकारी/सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त और निजी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और पॉलिटेक्निक 7 सितंबर 2025 तक बंद रहेंगे।

आदेशों में कहा गया कि प्रदेश इस समय दशकों की सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। भारी मानसूनी बारिश और बांधों से छोड़े गए पानी के कारण कई जिलों में व्यापक बाढ़ आ गई है। हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं, और आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

वर्तमान में लगभग 3.75 लाख एकड़ कृषि भूमि खासकर धान के खेत, पानी में डूबे हुए हैं, जिससे फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। इसके अलावा, भारी संख्या में पशुधन के नुकसान की भी खबर है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई है।मुख्य सचिव ने इस संबंध में सभी डीसी को निर्देश जारी किए हैं कि वे जिला मजिस्ट्रेट आवश्यक आदेश जारी कर सकते हैं ताकि किसी भी आपदा की स्थिति से निपटा जा सके। सभी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तुरंत और पर्याप्त राहत उपाय करें। राज्य के सभी लाइन विभाग अपने आपातकालीन कार्यों को प्राथमिकता पर करें और सप्ताहांत या छुट्टी के बावजूद ड्यूटी पर रहें। पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन विभाग और पीएसपीसीएल को सेवाओं को बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करना होगा। टेलीकॉम सेवा प्रदाता मोबाइल और लैंडलाइन सेवाओं की बहाली तुरंत करें। पंचायत और शहरी निकाय आपातकालीन प्रतिक्रिया, राहत और पुनर्वास में पूरी मदद करें। सरकार ने सभी विभागों और एजेंसियों से अपील की है कि वे लोगों की जान और संपत्ति की रक्षा के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें।

# चीन ने निकाली विशाल सैन्य परेड, पुतिन, पेजेश्कियन और किम जोंग समेत कई अमेरिकी दुश्मन बने मेहमान

**बीजिंग ■ एजेंसी**

चीन ने बुधवार को द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी आक्रमण के खिलाफ अपनी जीत की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक भव्य सैन्य परेड के माध्यम से अपनी आधुनिक सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। इस दौरान चीन ने अत्याधुनिक जेट लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्धक उपकरण सहित कई अत्याधुनिक हथियारों को पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया।



चीन के इस ऐतिहासिक आयोजन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन जैसे अमेरिका के कट्टर दुश्मनों की मौजूदगी ने ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। यह सभी नेता चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ नजर आए। इस कार्यक्रम में 26 विदेशी राष्ट्राध्यक्षों की उपस्थिति ने इसे एक प्रमुख वैश्विक राजनीतिक मंच में बदल दिया।

किम जोंग उन अपनी बेटी किम जू ए के साथ मंगलवार रात ट्रेन से बीजिंग पहुंचे। यह 2019 के बाद से उनकी पहली चीन यात्रा है। किम जोंग की यात्रा ऐसे समय हो रही है जब उत्तर कोरिया और चीन के बीच संबंधों में खटास की अटकलें लगाई जा रही थीं। किम की यह यात्रा रूस के साथ उनके गहरे होते रिश्तों के संदर्भ में और भी अहम मानी जा रही है।

भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भी चीन की इस परेड में भाग लिया। मगर भारत इसमें शामिल नहीं हुआ। शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने सभी विदेशी मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह परेड त्येनजिन में हाल ही में संपन्न शंघाई सहयोग संगठन की उच्च स्तरीय शिखर बैठक के बाद आयोजित हुई, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शी जिनपिंग और पुतिन के साथ बैठकें चर्चा में रहीं। इस आयोजन की पृष्ठभूमि में अमेरिका द्वारा रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर 50त्न टैरिफ लगाने के निर्णय पर चर्चा भी अहम रही।

यह आयोजन चीन-जापान के बीच कूटनीतिक तनाव का भी कारण बना है। जापान ने विश्व नेताओं से परेड में भाग न लेने की अपील की थी, लेकिन इसके बावजूद कई देशों के नेताओं की मौजूदगी ने बीजिंग की स्थिति को और मजबूत किया है। चीन ने जापान की अपील के खिलाफ राजनयिक विरोध दर्ज कराया है।

## छत्तीसगढ़ में ईडी की बड़ी कार्रवाई, 18 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



प्रवर्तन निदेशालय यानी श्वष्ठ ने छत्तीसगढ़ में बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। रायपुर की श्वष्ठ ब्रांच ने आज सुबह छत्तीसगढ़ में ज़बरदस्त कार्रवाई करते हुए 18 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई जिला खनिज न्यास फंड की गड़बड़ी से जुड़े मामले में की गई है। आइए जानते हैं इस मामले के बारे में विस्तार से।

सूत्रों के मुताबिक, ईडी की टीमें ठेकेदारों, बिचौलियों और सप्लायरों के ठिकानों पर तलाशी ले रही हैं। आरोप है कि खनिज न्यास फंड की करोड़ो की रकम का गलत इस्तेमाल किया गया और इसे छत्तीसगढ़ बीज निगम के जरिए इधर-उधर किया गया। जांच एजेंसी का कहना है कि ष्ठरूस्न फंड, जिसका इस्तेमाल स्थानीय विकास कार्यों और खनन प्रभावित क्षेत्रों में जनता की भलाई के लिए होना चाहिए था, उसे ठेकेदारों और बिचौलियों की मिलीभगत से ग़लत तरीके से हड़प लिया गया।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने इस मामले में कई अहम दस्तावेज और डिजिटल डाटा भी जब्त किया है। ईडी की छापेमारी के दौरान बड़ी धनराशि के लेन-देन और फंड डायवर्जन के सबूत मिलने की संभावना जताई जा रही है। विक्रेताओं, ठेकेदारों और कथित बिचौलियों से संबंधित कम से कम 18 परिसरों की धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है।

### वायु सेना के अधिकारियों ने इस गतिविधि को एक नियमित प्रशिक्षण अभियान बताया

# पाक एयरबेस के पास अरब सागर में शुरू किया हवाई अभ्यास

*नई दिल्ली ■ एजेंसी*



*ऑपरेशन सिंदूर जारी रहने के बीच अरब सागर में भारत-पाकिस्तान के तटीय इलाके में विभिन्न तरह के सैन्य अभ्यासों की हलचल तेज है। अब भारतीय वायु सेना ने मंगलवार से गुजरात और राजस्थान के पास अरब सागर में दो दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया है। यह अभ्यास आज सुबह लगभग 11 बजे से शुरू हुआ, जो 3 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक चलेगा। हवाई अभ्यास का यह क्षेत्र पाकिस्तान के कराची तट से केवल 200 समुद्री मील की दूरी पर स्थित है, जो पाकिस्तान-नियंत्रित वायु क्षेत्र से 70 समुद्री मील के करीब है।*

*भारतीय वायु सेना के अनुसार यह एक नियमित अभ्यास है और इसी के तहत पहले ही नोटम (एयरमैन को नोटिस) जारी किया गया था। नोटम या एयर मिशन को नोटिस एक प्रकार की सूचना है, जो विमानन क्षेत्र में किसी विशिष्ट स्थान या स्थिति से संबंधित आवश्यक जानकारी या चेतावनी देती है। इसका उद्देश्य उड़ान संचालन में शामिल लोगों को उन परिस्थितियों के बारे में सूचित करना है, जो मानक प्रकाशनों के माध्यम से वितरित करने के लिए पर्याप्त समय से पहले उपलब्ध नहीं हैं। नोटम का मतलब राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र प्रणाली के किसी भाग को प्रभावित करने वाली किसी भी असामान्य या असामान्य परिस्थितियों के बारे में जानकारी देना है। अरब सागर में दो दिवसीय वायुसेना अभ्यास पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र के करीब हो रहा है। पाकिस्तान के कराची तट से केवल 200 समुद्री मील की दूरी परयह अभ्यास 2 सितंबर को सुबह 11 बजे शुरू होगा और 3 सितंबर को दोपहर 2:00 बजे समाप्त होगा। वायु सेना के अधिकारियों ने इस गतिविधि को एक नियमित प्रशिक्षण अभियान बताया है, इसलिए नियमानुसार विमानन हितधारकों को सचेत करने के लिए आधिकारिक तौर परनोटिस टू एयरमैन जारी किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर जारी रहने के बीच 11-12 अगस्त को भारत और पाकिस्तान की नौसेनाओं ने अरब सागर में अलग-अलग नौसैनिक अभ्यास किये। दोनों नौसेनाओं ने अभ्यास के दौरान अपने-अपने जलक्षेत्र में हवाई यातायात पर प्रतिबंध लगाते हुए नोटम जारी किया था। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय नौसेना की भूमिका शून्य रही, लेकिन उसके युद्धपोतों ने अरब सागर में अपनी समुद्री ताकत दिखाई।*

*पाकिस्तान की नौसेना ने भी अरब सागर के अपने जलक्षेत्र में नौसैनिक अभ्यास किया, जहां भारतीय नौसेना ने फायरिंग अभ्यास किये। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद संभावित भारतीय सैन्य कार्रवाई की आशंकाओं के बीच पाकिस्तानी सशस्त्र बलों ने नियंत्रण रेखा के पास और अरब सागर में उन्नत हथियारों का प्रदर्शन करते हुए सैन्य अभ्यास किया था।*

### छत्तीसगढ़ में बांध टूटने से मचा हाहाकार, अचानक बाढ़ से अब तक 4 लोगों की मौत, 3 लापता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बलरामपुर जिले में एक छोटे बांध का एक हिस्सा टूट गया जिसके बाद अचानक से बाढ़ आ गई। इस हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो गई है और 3 लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बुधवार को इस घटना के बारे में जानकारी दी है। बलरामपुर के बांध में मंगलवार की देर रात दरार आ गयी थी। अधिकारियों की ओर से बुधवार को जो जानकारी दी गई उसके मुताबिक, क्षेत्र में भारी बारिश होने के बाद मंगलवार को देर रात बलरामपुर जिले के धनेशपुर गांव में स्थित लुटी बांध में दरार आ गयी। इस जलाशय का निर्माण साल 1980 के दशक की शुरुआत में किया गया था। दरार पड़ने के कारण जलाशय का पानी दरार के माध्यम से आसपास के घरों और खेतों में घुस गया।


**कार्यालय पुलिस थाना हंडिया जिला हरदा (म.प्र.)**
pshandia258@gmail.com

क्र./था.प्र./हंडिया/700/25 दिनांक 24.08.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(अज्ञात मृतक बालक के संबंध में सूचना)**

दिनांक 17.08.25 को समय लगभग 12:00 बजे दोपहर, कामाख्या मंदिर नर्मदाघाट, हंडिया में एक अज्ञात बालक का शव पानी के किनारे पड़ा हुआ पाया गया। सूचना मिलने पर थाना हंडिया पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की गयी है।

**अज्ञात मृतक बालक की फोटो**



**मृतक का विवरण:**
- लिंग: बालक, उम्र: लगभग 8-10 वर्ष
- पोशाक: शरीर पर कोई वस्त्र नहीं पाया गया
- शव की स्थिति: चमड़ी गल चुकी है, चेहरा पहचान योग्य नहीं
- अनुमानित मृत्यु: 3-4 दिन पूर्व
- स्थान: कामाख्या मंदिर के पास, नर्मदा घाट हंडिया

**संपर्क सूत्र:**
- कंट्रोल रूम हरदा: 7587619557
- थाना हंडिया: 7587643885
- थाना प्रभारी हंडिया: 9479993163
- जांचकर्ता अधिकारी प्रआर ब्रजेश साहू: 9893289922


यदि किसी व्यक्ति को इस मृतक बालक की पहचान संबंधी कोई जानकारी हो, तो कृपया उपरोक्त नंबरों पर संपर्क करें। आपकी जानकारी मृतक की पहचान एवं उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाने में अत्यंत सहायक हो सकती है।

सहयोग करें, मानवता निभाएं

**थाना प्रभारी**
**थाना हंडिया, जिला-हरदा**
**फोन नं. 07577 272258**

G-18106/25

# बीजेपी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को सीएम यादव ने दी जन्मदिन की बधाई



भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश के बीजेपी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का आज जन्मदिन है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उन्हें बधाई दी है। वहीं मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने भी शुभकामनाएं दी हैं। सीएम डॉ मोहन यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा- भाजपा, मप्र के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधानसभा क्षेत्र से विधायक हेमंत खंडेलवाल को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में पार्टी और अधिक सशक्त एवं संगठित होकर जनसेवा के नए कीर्तिमान स्थापित करे, यही शुभेच्छा है। बाबा महाकाल से आपके लिए उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुयशपूर्ण जीवन हेतु कामना है।



राहुल नगर में श्री बाल गणेश उत्सव समिति ने श्री गणेश जी की भव्य प्रतिमा बिठाई है जो आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। जिसे देखने के लिए भीड़ लगी रहती है।

## एसडीएम ऑफिस पहुंचे लोग, बोले-बैंक से लोन लेकर घर बनाए

**भोपाल।** भोपाल के अनंतपुरा कोकता में पशुपालन विभाग की 6 एकड़ जमीन पर कब्जा सामने आने के बाद अब जिला प्रशासन आगे की कार्रवाई में जुटा है। पटवारियों की विस्तृत जांच रिपोर्ट कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को सौंपी जानी है। मंगलवार को कलेक्टर के जबलपुर होने से उन्हें रिपोर्ट नहीं सौंपी गई। कोकता स्थित डायमंड सिटी के कई लोग गोविंदपुरा एसडीएम ऑफिस में पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी मध्यमवर्गीय परिवार से हैं।



प्रेम पुरा घाट पर विसर्जन करते हुए श्रद्धालु



# डोल ग्यारस चल समारोह: गणपति बप्पा हो रहे विदा

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी भोपाल में आज डोल ग्यारस का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा। सुबह से ही गणेश जी की छोटी-छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। पीपल चौक पर विराजित भोपाल के राजा की अगुवाई में चलसमारोह निकल रहा। शहर में निकलने वाले पारंपरिक डोल ग्यारस जुलूस के चलते यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस ने विशेष ट्रैफिक डायवर्सन की घोषणा की है। छोटी-बड़ी सैकड़ों प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। डोल ग्यारस पर नए और पुराने शहर से चल समारोह निकल रहें हैं, जिसमें बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमाएं और डोल शामिल हुए।

**जुलूस मार्ग:** चोक बाजार से प्रारंभ होकर लखेरापुरा, भवानी मंदिर पीरगेट, सेफिया कॉलेज रोड, इमामबाड़ा चौकी, जनकपुरी, जुमेराती गेट, सराका चौक, इब्राहिमपुरा, रंजन पेन कार्नर, सुल्तानिया रोड, बुधवार, तलैया काली मंदिर, लिली टॉकीज चौराहा, पीएचक्यू तिराहा होते हुए खटलापुरा मंदिर के पास जुलूस का समाधन होगा।

### डायवर्सन व्यवस्था

जुलूस पीरगेट पहुंचने पर रायेंल मार्केट चौराहे से पीरगेट की और जाने वाले सभी भारी वाहन एवं बीसीएलएल बसों का रूट बदला जाएगा। इमामबाड़ा चौकी पर जुलूस पहुंचने पर नादरा बस स्टैंड से घोड़ा नक्कास की और वाहनों का आवागमन परिवर्तित रहेगा। पानी की टंकी तिराहे पर जुलूस पहुंचने पर आजाद मार्केट से जुमेराती गेट व लोहा बाजार की और वाहनों का रूट बदलेगा रंजन पैन कार्नर व सुल्तानिया रोड पर पहुंचने पर मोती मस्जिद तिराहा से बुधवारा की ओर जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन बदलेगा। तलैया काली मंदिर पर जुलूस पहुंचने पर भारत टॉकीज से लिली टॉकीज और पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। खटलापुरा मंदिर पहुंचने पर पुराने मछलीघर तिराहे से खटलापुरा व पीएचक्यू तिराहे से खटलापुरा रोड पर आवागमन परिवर्तित रहेगा। रोशनपुरा से भारत टॉकीज और भारत टॉकीज से रोशनपुरा जाने वाले भारी वाहन लिंक रोड नंबर-1, बोर्ड ऑफिस, मैदा मिल, सुभाष नगर ओवरब्रिज, प्रभात चौराहा होकर आवागमन करेंगे।

### 200 से अधिक प्रतिमाएं हो रही शामिल

डोल ग्यारस का मुख्य चल समारोह डोल ग्यारस उत्सव समिति की ओर से सावरकर चौक से दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ। चल समारोह में 200 से अधिक प्रतिमाएं और 50 से अधिक डौल शामिल रहेंगे। यह चल समारोह पीपल चौक, लखेरापुरा, भवानी चौक सोमवारा, जवाहर चौक जुमेराती, लोहा बाजार, इब्राहिमपुरा, सुल्तानिया रोड, चारबती चौराहर, काली मंदिर, जहांगीराबाद होते हुए खटलापुरा पहुंचेगा। यहां प्रतिमाओं और डोल का विसर्जन किया जाएगा।

# छात्राएं कहती रहीं रोको-रोको, चालक नशे में दौड़ाता रहा ई-रिक्शा, पलटा

**भोपाल।** बिट्टन मार्केट स्थित पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार दो स्कूली छात्राओं को गंभीर चोट आई है। एक छात्रा को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि दूसरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर मेडिकल कराया तो पता चला कि वह शराब के नशे में था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार श्याम नगर मल्टी हबीबगंज में रहने वाली दसवीं कक्षा की छात्रा पेपर देने स्कूल गई थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे वह अपनी सहेली के साथ पेपर देकर घर लौट रही थी। सात नंबर बस स्टाप से वह एक इलेक्ट्रिक रिक्शे में सवार हुई। रिक्शा चलते ही छात्राओं को लगा कि चालक नशे की हालत में है तो उन्होंने उससे रिक्शा रोकने का बोला, लेकिन चालक ने छात्राओं की बात को अनसुना कर दिया। उसके बाद वह तेज रफ्तार में रिक्शे के दौड़ाने लगा। कुछ ही देर बाद रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया।




प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल। मोबाईल नं. 9827054436 ।